राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 188
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 03 जून 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 एस्कॉन इन्फ्रा का अरबों का रियल एस्टेट घोटाला!
पेज 4 बाराबंकी में पति-पत्नी, जीजा समेत 4 की मौत
पेज 6 मैसवेल ने एकदिवसीय क्रिकेट को अलविदा कहा

## संक्षिप्त खबरें

### इंडिगो की फ्लाइट से 4000 फीट ऊंचाई पर गिद्ध टकराया

**रांची।** रांची के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट को पक्षी टकराने की वजह से इमरजैंसी लैंडिंग करानी पड़ी। घटना आज (सोमवार, 2 जून) दोपहर 1.14 बजे की है। रिपोर्ट के अनुसार फ्लाइट जब रांची एयरपोर्ट से कुछ दूरी पर थी, तभी उससे एक गिद्ध टकरा गया। हादसा जिस समय हुआ, विमान लगभग 3 से 4 हजार फीट की ऊंचाई पर था। विमान से गिद्ध के टकरने पर पायलेट को 40 मिनट तक विमान को हवा में रखना पड़ा। इसके बाद रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लैंडिंग कराई गई। टक्कर से विमान के अगले हिस्सा में डेंट आया है। फ्लाइट में 175 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं।

### बेंगलुरु में कोहली के पब पर कार्रवाई,स्मोक जोन नहीं था

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में क्रिकेटर विराट कोहली के वन8 कम्यून पब और रेस्टोरेंट पर कार्रवाई हुई है। पब में स्मोकिंग जोन नहीं होने के कारण पुलिस ने मंगलवार को मैनेजर और स्टाफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। विराट का वन8 कम्यून पब एमजी रोड पर स्थित है। पुलिस के बताया कि पब में कोटपा एक्ट के नियमों का उल्लंघन हो रहा था। एक्ट की धारा 4 और 21 के तहत एफआईआर दर्ज हुई है। कोटपा एक्ट के अंतर्गत होटल, रेस्टोरेंट, एयरपोर्ट जैसे सार्वजनिक जगहों पर अलग से स्मोकिंग जोन बनाना जरूरी है।

## फाइनल मैच



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर अहमदाबाद में बेंगलुरु और पंजाब के बीच आईपीएल 2025 के फाइनल क्रिकेट मैच की पूर्व संध्या पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान।

# सिक्किम में मिलिट्री कैंप पर लैंडस्लाइड, 3 जवानों की मौत

### 6 लापता; पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश-बाढ़ से अब तक 37 की जान गई

**नई दिल्ली/इंफाल/भोपाल।** सिक्किम में रविवार शाम 7 बजे एक मिलिट्री कैंप भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया। इसमें 3 जवानों की मौत हो गई, जिनके शव बरामद हुए हैं। चार लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। छह जवान अभी लापता हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है

सेना ने सोमवार को घटना की जानकारी दी और बताया कि जिन जवानों के शव मिले हैं, उनकी पहचान हवलदार लखबिंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। दूसरी तरफ, सिक्किम के लाचेन और लाचुंग में 30 मई से फंसे एक हजार से ज्यादा टूरिस्टों को भी आज रेस्क्यू किया गया।

सिक्किम सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में पिछले 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में अब तक 37 लोगों की जान गई है। इसमें असम में 10, अरुणाचल प्रदेश में 9, मिजोरम में 5 और मेघालय में 6 मौतें शामिल हैं।



सिक्किम में अक्टूबर, 2023 को बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। कम से कम 98 लोग लापता हो गए थे, जिसमें सेना के 22 जवान शामिल थे। इनका कुछ पता नहीं चल पाया था।

पूर्वोत्तर राज्यों में राहत और बचाव के लिए भारतीय सेना, एयरफोर्स और असम रायफल्स के जवानों को तैनात किया गया है। असम में 3.64 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र और बराक समेत 10 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

मणिपुर में बाढ़ से 19,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। 3,365 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। त्रिपुरा में 10 हजार से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। मिजोरम की राजधानी आइजोल में भारी बारिश के कारण 2 जून को सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया है। 30 मई से अब तक राज्य में लैंडस्लाइड की 211 घटनाएं हुई हैं। इधर, राजस्थान के 30 जिलों और मध्य प्रदेश के 50 जिलों में बारिश का अलर्ट है।

बिहार के वैशाली में रविवार शाम तेज आंधी-बारिश के कारण एक घर गिरने से 60 साल की महिला की मौत हो गई। राज्य के 9 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी है।

# हनीमून मनाने शिलॉन्ग गया, 11 दिन बाद शव मिला

### इंदौर के युवक की टैटू से शिनाख्त हुई, ड्रोन ने खोजा शव; पत्नी की तलाश जारी

**शिलांग।** मेघालय के शिलॉन्ग में 11 दिन से लापता इंदौर के कपल में से पति राजा रघुवंशी का शव सोमवार को एक खाई में मिला है। उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी की तलाश अभी जारी है।

यह कपल हनीमून मनाने मेघालय के शिलॉन्ग गया था। यहां दोनों ओसरा हिल्स से 23 मई की शाम के बाद से लापता हो गए थे। तब से अलग-अलग 6 टीमें उनकी सर्चिंग में जुटी हैं।

राजा के भाई सचिन ने उसका शव मिलने की पुष्टि की है। दूसरे भाई विपिन ने कहा कि जहां स्कूटर मिला था, वहीं से करीब 20 से 25 किलोमीटर दूर शव मिला है। राजा की मौत कैसे हुई और वह यहां तक कैसे पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है।

बता दें कि राजा के भाई विपिन और सोनम के भाई गोविंद सर्चिंग टीम के साथ ही मौजूद हैं।

मेघालय पुलिस ने बताया कि



सोमवार को भी राजा और सोनम की सर्चिंग की गई। इसमें ड्रोन की भी मदद ली गई। सुबह 11.48 बजे ड्रोन की मदद से गहरी खाई में शव नजर आया। रियात अर्लियांग में वेइसाडोंग पार्किंग लॉट के नीचे खाई में शव था। बॉडी को ऊपर लाकर मजिस्ट्रियल जांच की गई।

### हाथ पर बने टैटू से हुई शव की पहचान

शव के दाहिने हाथ पर एक टैटू (राजा नाम लिखा था) बना था। इसी के जरिए परिजन ने शव की पहचान राजा रघुवंशी के रूप में की। घटनास्थल पर एक सफेद लेडीस शर्ट, पेन्ट्रा 40 की स्ट्रिप, वीवो कंपनी के मोबाइल फोन की एलसीडी स्क्रीन और स्मार्ट घड़ी बरामद की गई है।

# चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप के दोषी को उम्रकैद

### 30 साल जेल में रहना होगा; बिरयानी वेंडर ने 19 साल की स्टूडेंट का शोषण किया था

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई स्थित अन्ना यूनिवर्सिटी में हाई प्रोफाइल यौन शोषण मामले के दोषी ज्ञानसेकरन को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। महिला कोर्ट की जज एम राजलक्ष्मी ने कहा कि दोषी को बिना किसी छूट के कम से कम 30 साल जेल में रहना होगा। दोषी पर 90 हजार रुपए जुर्माना भी लगा है। ज्ञानसेकरन को 28 मई को दोषी ठहराया था। उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न, रेप, धमकी और अपहरण सहित सभी 11 आरोप सही साबित हुए थे। मामले में कम से कम 29 गवाहों ने गवाही दी और पुलिस ने 100 पन्नों का चार्जशीट दाखिल किया था। मामला दिसंबर, 2024 का है। ज्ञानसेकरन ने 23 दिसंबर की रात 8 बजे यूनिवर्सिटी कैंपस में घुसकर 19 साल की इंजीनियरिंग स्टूडेंट का रेप किया था। पीड़ित अपने युवक दोस्त के साथ थी।

# देश में कोरोना से 24 घंटे में 6 मौतें

### 3976 एक्टिव केस, सबसे ज्यादा 1435 केरल में; दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र से सैंपलिंग की डिटेल मांगी

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 3976 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 10 दिन में 15 गुना मामले बढ़े हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1435 केस हैं। महाराष्ट्र एक्टिव मामलों के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 506 मरीज हैं।

कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 34 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 6 मौतें हुई हैं। सोमवार को अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती लड़की और 47 साल की महिला की कोरोना से जान गई। इससे पहले रविवार को दिल्ली में 22 साल की लड़की और तमिलनाडु में



25 साल के लड़के की कोरोना से मौत हुई थी।

लगातार बढ़ते केसों के बीच कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की अपील की। बुखार, खांसी, सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने को कहा है। राज्य में 253 एक्टिव केस हैं।

सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- अगली कोविड महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। केंद्र कोविड सैंपल कलेक्शन, कोविड सेंटर्स और ट्रांसपोर्ट पॉलिसी नीति की तैयारियों की डिटेल दे।

केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा- स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह से सतर्क हैं। सभी राज्यों के हालात पर नजर रख रहे हैं। हमने संबंधित सचिवों और मंत्रियों से बातचीत की है।

उन्होंने आगे कहा कि पिछली कोविड लहरों के दौरान बने ऑक्सीजन प्लांट, ड्रष्ट बेड इत्यादि की समीक्षा हो चुकी है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां जारी हैं।

# अमेरिका के स्टील टैरिफ से भारत में इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट पर पड़ेगा असर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्टील मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि स्टील आयात पर अमेरिका की तरफ से शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का भारत पर काफी कम असर पड़ेगा। इसकी वजह यह है कि भारत अमेरिका को स्टील का अधिक निर्यात नहीं करता है।

हालांकि इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईईपीसी) ने अमेरिका निर्यात होने वाले इंजीनियरिंग गुड्स के निर्यात के प्रभावित होने की आशंका जाहिर की है, क्योंकि स्टील से निर्मित आइटम के निर्यात पर भी अब 50 प्रतिशत का



शुल्क लगेगा। अमेरिका ने स्टील के साथ एल्युमिनियम के आयात पर लगने वाले शुल्क को भी 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। यह फैसला आगामी चार जून से प्रभावी होगा। गत मार्च में अमेरिका ने स्टील व एल्युमिनियम के आयात पर 25 प्रतिशत का शुल्क लगाया था। तब भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के माध्यम से अमेरिका के इस फैसले का विरोध करते हुए इसे वापस लेने के लिए कहा था। अमेरिका ने इस मामले में कहा है कि स्टील व एल्युमिनियम पर लगाया गया शुल्क सेफगार्ड शुल्क नहीं है बल्कि अमेरिका ने राष्ट्रहित में लगाया है, जिसे वापस नहीं लिया जा सकता है।

भारत ने कहा था कि अमेरिका शुल्क वापस नहीं लेता है तो भारत अपने होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए अमेरिकी वस्तु पर आयात शुल्क बढ़ा सकता है।

हालांकि अभी भारत की तरफ से इस मामले में किसी कार्रवाई के संकेत नहीं दिए गए हैं।

## हैप्पी मॉर्निंग



दो महिलाएं आपस में बात कर रही थीं
पहली बोली- बहुत साल पहले एक बाबा ने कहा था कि
भगवान तुझे इतना देगा कि संभाला नहीं जाएगा
दूसरी महिला- तो क्या हुआ?
पहली महिला- अब पता चला वो वजन की बात कर रहे थे......



## शायरी

जातिवाद के तराजू में रखकर
मत तोलो मेरा भारत देश,
हमारे हृदय में सिर्फ भारतीयता है
भले भिन्न है भाषा, भिन्न है भेष।

# मानवता को कलंकित करता है पहलगाम हमला

### एनएचआरसी ने अपने न्यूजलेटर में पाक को किया बेनकाब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अपने 40 पन्नों के न्यूजलेटर ह्यूमन राइट्स के नवीनतम संस्करण में कहा है कि पहलगाम में हुआ बर्बर हमला इस बात की याद दिलाता है कि आतंकवाद किस तरह मानवता को कलंकित कर रहा है। इसमें यह भी बताया गया है कि पिछले साल अप्रैल से इस वर्ष मार्च तक देशभर में मानवाधिकारों से जुड़े 58,753 मामले दर्ज किए गए। एनएचआरसी ने उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है, जिन्होंने 22 अप्रैल के हमले में स्वजनों को खो दिया। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।

**आतंकवादी हमले के बाद दुनिया हिल गई**

न्यूजलेटर के मई के संस्करण में एनएचआरसी के महासचिव भरत लाल ने प्रारंभिक लेख में उस नृशंस आतंकवादी हमले को याद किया है, जिसने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया और जिसकी कई देशों और विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों ने निंदा की। उन्होंने लिखा, 22 अप्रैल को पहलगाम में जघन्य आतंकवादी हमले के बाद दुनिया हिल गई थी, जब धर्म पूछकर 26 निर्दोष पर्यटकों को बेरहमी से मार दिया गया था।

# सिर्फ 32 प्रतिशत पैसा खुद जुटा पा रहे शहरी स्थानीय निकाय

### सीएजी की ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा; वजह भी आई सामने

**नई दिल्ली।** देश में शहरी स्थानीय निकाय औसत रूप से अपनी जरूरतों का केवल 32 प्रतिशत धन अपने संसाधनों से जुटा पाते हैं और इसीलिए राज्य सरकारों और केंद्र सरकार पर उनकी निर्भरता बनी हुई है। यह निष्कर्ष नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की एक ऑडिट रिपोर्ट में सामने आया है। शहरी शासन के ढांचे में सुधार के लिए किए गए 74वें संविधान संशोधन के इस साल जून में 32 साल पूरे होने के अवसर पर नीति संगठन जनाग्रह की ओर से आयोजित एक सम्मेलन में इस ऑडिट रिपोर्ट के मुख्य अंश सार्वजनिक किए गए। रिपोर्ट के अनुसार शहरी निकाय अपने राजस्व के सबसे बड़े स्त्रोत संपत्ति कर की वसूली में भी पिछड़े हुए हैं। वे मुश्किल से 56 प्रतिशत संपत्ति कर जुटा पाते हैं और इसीलिए उनकी आय बढ़ने का नाम नहीं ले रही है।

कैग की ऑडिट रिपोर्ट ने शहरी स्थानीय निकायों में स्टाफ की कमी का तथ्य भी सामने रखा है। इसके अनुसार शहरी स्थानीय निकाय औसत रूप से 32 प्रतिशत स्टाफ की कमी के साथ काम कर रहे हैं। इस ऑडिट रिपोर्ट में 74वें संविधान संशोधन की जमीनी हकीकत भी बताई गई है। कागजी रूप से तो ज्यादातर राज्यों ने इसे अपना लिया है, लेकिन व्यावहारिक रूप से सच्चाई यह है कि केवल दो-चार काम ही ऐसे हैं जिन पर शहरी स्थानीय निकाय अपने हिसाब से निर्णय ले सकते हैं।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
81,373.75
-77.26 (0.095%)
निफ्टी:
24,716.60
-34.10

## मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 23 डिग्री से0
सूयोदय बुधवार : 5 : 25
सूर्यास्त मंगलवार : 7 : 16

# कर्नाटक में धारदार हथियारों से शख्स की सरेआम हत्या

**कोप्पल।** कर्नाटक के कोप्पल जिले के तवरगेरा में 31 मई को एक शख्स की सरेआम धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई।

घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें रात 10 बजे करीब 7 लोग तलवार और गंडासा लेकर एक बेकरी शॉप के अंदर घुसे और शख्स पर हमला कर दिया।

मृतक की पहचान 35 साल के चेनप्पा हुसेनप्पा नरिनाल के रूप में हुई है। हमलावरों ने चेनप्पा की गर्दन, सिर, पीठ और शरीर के कई जगहों पर वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चेनप्पा खुद को बचाने के लिए चिल्ला रहा था।

उसने बेकरी में इधर-उधर भागने की भी कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने दौड़ा-दौड़ाकर उस पर हमले किए। वीडियो में दिखा कि एक आरोपी ने उसके सिर पर लाठी से भी वार किया। हमलावरों ने पहले बेकरी के अंदर हमला किया।

फिर उसे बाहर घसीटा और तब तक हमला किया जब तक कि उसकी मौत नहीं हो गई।

पुलिस ने मृतक के परिवार की शिकायत के आधार पर 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान रवि, प्रदीप, मंजूनाथ (दो आरोपियों के नाम हैं), नागराज, गौतम और प्रमोद के रूप में हुई है। अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## विधानसभा चुनाव

### तारीखों में दिवाली-छठ का ध्यान रखा जाएगा; 2020 में 3 फेज में हुई थी वोटिंग

# बिहार में 3 चरणों में हो सकते हैं विधानसभा चुनाव

पटना। इस साल के आखिर में बिहार विधानसभा का चुनाव होना है। सूत्रों की माने तो बिहार में चुनाव 3 चरण में हो सकते हैं। माना जा रहा है कि वोटिंग की डेट में दिवाली और छठ पर्व का ध्यान रखा जाएगा।

2020 का विधानसभा चुनाव 3 फेज में हुआ था। चुनाव आयोग की टीम इसी महीने बिहार जाएगी। हालांकि, अभी तारीख अभी तय नहीं है।

### 22 नवंबर को खत्म हो रहा नीतीश सरकार का कार्यकाल

नीतीश कुमार का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 तक है। ऐसे में संभावना




है कि सितंबर से अक्टूबर के बीच आचार संहिता लग जाएगी। माना ये भी जा रहा है कि सितंबर के आखिरी हफ्ते से चुनाव की शुरुआत हो सकती है, जो पूरे अक्टूबर तक चलेगी।

अक्टूबर में तीन बड़े त्योहार हैं, ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि चुनाव तीन चरणों में कराए जा सकते हैं। नवंबर के पहले हफ्ते में नतीजे आ सकते हैं।

### 2020 में एनडीए ने सबसे ज्यादा 125 सीटें जीती थीं

2020 में बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे 10 नवंबर को घोषित किए गए थे। इसमें एनडीए ने 125 सीटें हासिल की थीं। तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 110 सीटें जीती थीं। आरजेडी 75 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। इसके बाद भाजपा ने 74 सीटें जीतीं।

मुख्यमंत्री उम्मीदवार नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने तीसरी सबसे ज्यादा 49 सीटें जीती थीं। एआईएमआईएम ने 5 सीटों पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस ने 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था, इसमें से वो 19 सीटों पर जीत हासिल कर पाई थी। तीनों वामपंथी दलों ने मिलकर 29 सीटों पर चुनाव लड़ा, 16 सीटें जीतीं।

### महागठबंधन में सीएम फेस पर सहमति नहीं

विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए गठबंधन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ने का संकेत दिया है। महागठबंधन में अभी ष्टरू फेस को लेकर सहमति नहीं बन पाई है।

कहा जा रहा है कि तेजस्वी महागठबंधन का नेतृत्व कर सकते हैं, लेकिन कांग्रेस इसका कई बार खंडन भी कर चुकी है।

प्रशांत किशोर की पार्टी भी इस बार चुनाव मैदान में है, इससे नए समीकरण भी बन सकते हैं।

# संपादकीय

## पेरियार : उस विद्रोही की ज़रूरत आज भी उतनी ही है



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

'कोई हिन्दू, कोई मुस्लिम, कोई ईसाई है –
सब ने इंसान न बनने की क़सम खाई है।'
— निदा फ़ाज़ली

### और पेरियार कहते हैं –

'न ईश्वर, न जाति, न ब्राह्मणवाद —
इंसान सबसे पहले है, बाकी सब उसके बाद।'
यह केवल विचार नहीं, चेतना है — जो तर्क का साहस देती है और पाखंड से लड़ने की हिम्मत।

### पेरियार- विचार नहीं, बग़ावत की मशाल थे

पेरियार कोई 'ब्रांडेड' समाज सुधारक नहीं थे — वे जन–चेतना की ज्वाला थे। उन्होंने धर्म, जाति और पुरुष वर्चस्व के विरुद्ध आंदोलन सिर्फ़ भाषणों में नहीं, जमीनी संघर्षों से लड़ा :

- मंदिर प्रवेश आंदोलन
- आत्म–सम्मान आंदोलन
- स्त्री स्वतंत्रता की जोरदार हिमायत

### उन्होंने लिखा

जिस धर्म में इंसान को इंसान न माना जाए,
वह धर्म नहीं — मानसिक ग़ुलामी है।

### आज फिर पेरियार क्यों ज़रूरी हैं?

**जाति अब भी ज़िंदा है — ज़हर की तरह**
दलितों के खिलाफ अत्याचार, जातिवादी हिंसा, और मंदिरों में आज भी 'अछूत भाव' — पेरियार की चेतना कहती है त्न
सामाजिक न्याय संविधान से नहीं, विद्रोह से आता है।
**धर्म बहस नहीं, हथियार बन चुका है**
राम और रहीम के नाम पर रोटी छीनी जा रही है।
पेरियार ने आगाह किया था:
'धर्म अफीम है, जो तुम्हें सुला देता है — ताकि तुम्हारा शोषण चलता रहे।'
**महिला मुक्ति अभी भी सपना है**
पेरियार ने नारी को बराबरी नहीं, पूर्ण स्वतंत्रता का दर्जा दिया।
आज जब महिलाओं के वस्त्र, आवाज़ और अस्तित्व पर नियंत्रण की कोशिशें हो रही हैं — पेरियार की सोच और भी प्रासंगिक लगती है।

### पेरियार को भुलाया क्यों जा रहा है?

- क्योंकि वे सवाल पूछते थे — और सत्ता को सवाल पसंद नहीं।
- क्योंकि वे ब्राह्मणवाद पर चोट करते थे — जिसे आज 'सनातन गौरव' कहकर बेचा जा रहा है।
- क्योंकि वे कहते थे–
भगवान कौन है — और इंसान उसके नीचे क्यों?

### निष्कर्ष अब पूजा नहीं, पेरियार चाहिए

आज जब :
- सत्ताएं सवालों से डरती हैं
- धर्म और जाति को सत्ता की सीढ़ी बना दिया गया है
- संविधान की जगह शास्त्रों को लाया जा रहा है

तब हमें फिर चाहिए एक आवाज़ — जो कहे :
मंदिर नहीं, स्कूल में जाओ।
भगवान नहीं, संविधान से उम्मीद रखो।
और सबसे पहले इंसान बनो — हिन्दू या मुसलमान बाद में।
पेरियार केवल तमिलनाडु नहीं, हर उस गली के हैं–
- जहाँ गरीब जात पूछकर पीटा जाता है
- जहाँ लड़की को 'संस्कृति' पढ़ाई जाती है
- जहाँ संसद में भगवान के नाम पर मुद्दे दफना दिए जाते हैं

भारत को फिर एक पेरियार चाहिए —
एक ऐसा विचार जो न मिटाया जा सके,
और न मिटाया जाना चाहिए।

## त्याग में अपना ही नहीं, अपनों का भी भला

यह तथ्य अब सुविदित है कि तंबाकूजन्य नशे हर साल दुनिया भर में अस्सी लाख से अधिक लोगों की जान ले लेते हैं। भारतीय होने के नाते यह और भी अधिक चिंता का विषय है कि इनमें से 13 लाख से ज्यादा मृतक भारतीय होते हैं।

यह डरावना आंकड़ा न केवल चिंता उत्पन्न करता है, बल्कि यह भी इंगित करता है कि विविध प्रकार के तंबाकूजन्य नशों का या तो पूरी तरह उन्मूलन किया जाना चाहिए या कम से कम उन्हें न्यूनतम स्तर तक सीमित किया जाना आवश्यक है।

इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु वर्ष 1988 से हर वर्ष आज के दिन विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस संदर्भ में यह जानना भी प्रासंगिक है कि तंबाकूजन्य मौतों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1987 में इस दिवस को मनाने की परंपरा शुरू की थी। प्रारंभ में इसे 7 अप्रैल को मनाया गया, लेकिन उसी वर्ष 31 मई को संगठन द्वारा एक प्रस्ताव पारित कर इसे स्थायी रूप से 31 मई को मनाने का निर्णय लिया गया।

प्रत्येक वर्ष इस दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है, जिसके माध्यम से लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाता है और उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। यह भी बताया जाता है कि तंबाकू का सेवन केवल उपभोक्ता के लिए ही नहीं, बल्कि उनके आसपास रहने वाले लोगों के लिए भी घातक है।

विडंबना यह है कि इन प्रयासों के बावजूद विश्वभर में बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं और वे इसकी लत से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं। यदि हम भारत की बात करें तो यहां तंबाकू उत्पादों के पैकेटों पर वैधानिक चेतावनियां प्रमुखता से अंकित की जाती हैं और अवयस्कों को इनकी बिक्री पर कानूनी रोक भी है। फिर भी, लगभग हर आयु वर्ग और लिंग के लोग इस लत के शिकार हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि नशा खत्म तो दूर, अपेक्षित रूप से घटता भी नहीं दिख रहा। विशेषज्ञों द्वारा बार–बार यह बताया जाता है कि तंबाकू का सेवन फेफड़े, यकृत, मुंह और गर्भाशय के कैंसर के अलावा अनेक यौन और हृदय रोगों का प्रमुख कारण बन सकता है, पर इसका अपेक्षित असर होता नहीं दिखता।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत में 15 वर्ष से अधिक आयु के 38 प्रतिशत से अधिक पुरुष तंबाकू का सेवन करते हैं। महिलाओं में यह आंकड़ा लगभग 9 प्रतिशत है। 15 से 49 वर्ष की आयु की 1 प्रतिशत महिलाएं और 19 प्रतिशत पुरुष शराब का सेवन करते हैं। स्पष्ट है कि समस्या केवल तंबाकू तक सीमित नहीं, बल्कि शराब की लत भी चिंताजनक स्तर पर मौजूद है।

# लाल आतंक के गढ़ में लहरा रहा तिरंगा

डॉ. आशीष वशिष्ठ



देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 सूत्रीय समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए।

चार दशक से ज्यादा समय तक नक्सलवाद का शिकार रहे छत्तीसगढ़ का बस्तर जिले को अब वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) जिले की सूची से बाहर कर दिया गया है। अपने आप में ये बड़ी खबर है। दरअसल मोदी सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाए। गृह मंत्री अमित शाह भी कई बार सार्वजनिक मंच से इस बात को दोहरा चुके हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग–अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग–अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई है। इसकी शुरुआत स्थानीय जमींदारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में हुई, जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी। यह आंदोलन जल्द ही पूर्वी भारत के छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे कम विकसित क्षेत्रों में फैल गया। वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) को दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलवादी के नाम से जाना जाता है। वे सशस्त्र क्रांति के माध्यम से भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और माओवादी सिद्धांतों पर आधारित साम्यवादी राज्य की स्थापना की वकालत करते हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केरल राज्यों को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित माना जाता है।

देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 सूत्रीय समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए। नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकारों के विशेष बल, केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। इससे नक्सली घटनाओं में जबरदस्त कमी आयी।

2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले– बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला– पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का एक जिला– गढ़चिरौली शामिल है।

वर्ष 2025 में सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में अब तक 287 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं 865 ने समर्पण किया है और 830 गिरफ्तार हुए हैं। गत 21 मई को सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ में डेढ़ करोड़ के इनामी नंबला केशव उर्फ बसवराज को मार गिराया था। वह तीन दशक से सक्रिय था। इसे नक्सलियों का हाफिज सईद भी कहा जाता है। नक्सलियों के सरदार बसवा राजू के ढेर होने के बाद माओवादियों का हौसला पस्त हो गया है। इस बड़े एनकाउंटर के बाद दक्षिण बस्तर डिवीजन में 4 हार्डकोर नक्सलियों सहित 18 माओवादियों ने सरेंडर किया था। इसी तरह बीजापुर में 32 और तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। बासव राजू की मौत के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक्स पर लिखा था कि महासचिव स्तर के बड़े नक्सली नेता को मारा गया है। इस कामयाबी को हासिल करने वाला 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' भी सुर्खियों में है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज़ किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज़ किया जा चुका है।

वर्ष 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 2014 से 2024 के बीच हिंसक घटनाओं की संख्या 53 प्रतिशत घटकर 7,744 रह गई हैं। इसी प्रकार, सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या 1851 से 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई और नागरिकों की मृत्यु की संख्या 70 प्रतिशत की कमी के साथ 4766 से 1495 रह गई है।

वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 ज़िले नक्सल प्रभावित थे, लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड बनाए गए हैं।

नक्सली हिंसा में 2010 में 720 नागरिक मारे गए। 2024 में मरने वालों की संख्या घटकर 131 हो गई। नक्सली हिंसा में 2010 में 1005 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। 2024 में 150 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। यानि कि मरने वालों की संख्या में 85 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

नक्सली आर्थिक ढांचे जैसे कि रेलवे प्रॉपर्टी, पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर की इकाइयों, टेलीफोन एक्सचेंज, मोबाइल टॉवर, सड़क, स्कूल को निशाना बनाते रहे हैं। पर पिछले कुछ साल से इन घटनाओं में कमी आई है। 2010 में हमले की ऐसे 365 मामले थे, जो 2024 में घटकर 25 रह गए।

पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है।


केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। गृह मंत्रालय की 2017 में शुरू की गई 'समाधान' रणनीति ने जमीन पर बड़ा फर्क डाला है। इसमें सुरक्षा संबंधी कार्ययोजना के साथ–साथ विकास से जुड़ी पहल भी शामिल है।

नक्सलियों के खिलाफ अभियान मोदी सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रतीक है। इस से पहले कोई सरकार ऐसी इच्छाशक्ति दिखा नहीं पाई। ध्यान इस बात का रखना होगा क़ि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए, इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए।

जमीनी लड़ाई में जीत केवल आधी सफलता है, अगला फोकस नक्सलियों के पुनर्वास और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने पर होना चाहिए। जिस तरह मोदी सरकार नक्सली समस्या को खत्म काने क़ि दिशा मे तेज़ी से बाद रही है उम्मीद है क़ि वो 2026 में समस्या के स्थायी समाधान के साथ देश के सामने गर्व से खड़ीं होगी।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3549




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

### काकुरो - 3548 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

पति (पत्नी से) प्रिये यदि मुझे कुछ हो गया तो तुम क्या दूसरी शादी कर लोगी।

नहीं, कभी नहीं। मैं अपना बचा जीवन अपनी बड़ी बहन के साथ गुजार दूँगी लेकिन दूसरी शादी नहीं करूँगी।

पत्नी (पति से) : लेकिन यदि मुझे कुछ हो गया तो क्या तुम दूसरी शादी कर लोगे।

पति : नहीं, मैं भी तुम्हारी बहन के साथ ही रह लूँगा।

□ □ □

अपने प्रेमी की शिकायत करते हुए शीला ने गीता से कहा– यह रमन का बच्चा आजकल मुझसे फ्लर्ट कर रहा है।

गीता– क्यों क्या किया रमन ने?


शीला– कल शाम जब मैं एक रेस्त्राँ में उससे मिलने गई तो वह बहुत देर बाद आया। कारण पूछने पर कहने लगा– अरे, वो नरेश मुझे जबरदस्ती टॉकिज ले गया था फिल्म दिखाने।

गीता– तो इसमें फ्लर्ट की क्या बात है?

शीला– दरअसल, कल नरेश के साथ टॉकिज तो मैं गई थी।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3549



### बायें से दायें:-

१. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'राजी राजी मैं हूँ राजी' गीत वाली फिल्म-३
४. 'उनके खयाल आये तो' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
६. मिथुन, मधु की 'हुस्न वालों से ये दिल बचाये' गीत वाली फिल्म-५
७. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी देओल, सोहेल, सुनील शेट्टी, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
९. अमिताभ, ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
१३. अनिलकपूर, माधुरी दीक्षित की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'साँसों का चलना' गीत वाली सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की फिल्म-२
१५. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'तूने ओ रंगीले ऐसा' गीत वाली राजकुमार, विनोद, प्रिया की फिल्म-४
१९. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की 'आँखें भी होती' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आये तुम याद मुझे' गीत वाली अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२२. फिल्म 'इश्क इश्क इश्क' में देव आनंद के साथ नायिका कौन थी-३
२३. 'फूलों से जो खुशबू आये' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२४. फिल्म 'हुतूतू' में नायक कौन था-३
२५. 'मेरा मन क्यों तुझे चाहे' गीत वाली आमिर खान, मनीषा की फिल्म-२
२७. आमिर, टिवंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फारूख शेख, पूनम ढिल्लों कीफिल्म-२
३०. आमिताभ, रजनीकांत, माधवी की 'रोते रोते हँसना' गीतवाली फिल्म-२,३

### ऊपर से नीचे:-

१. दिलीपकुमार, नर्गिस एक की फिल्म-३
२. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'तेरी ऑखों का दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'पी कर शंकर जी की बूटी' गीत वाली ऋषिकपूर, नीलम की फिल्म-४
४. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीना की 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन अब्राहम, उदिता की फिल्म-२
८. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१०. 'मैं तेरे मन की मैना' गीत वाली अजय देवगन, काजोल की फिल्म-४
११. अमोल पालेकर, रंजीता की 'नाचो गाओ मौज' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मेरे यार ये दिन हो' गीत वाली शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की फिल्म-३
१४. 'रोज रोज आँखों तले' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'हर गोरी रानी' गीत वाली वहीदा, अमिताभ, जीनत, परवीन की फिल्म-३
१७. अमिताभ, रति, वहीदा की 'दोनों जवानी की मस्ती में' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'कई बार यूं भी देखा है' गीत वाली अमोल पालेकर, विद्या की फिल्म-५
२०. नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल, नताशा की १९८२ की एक फिल्म-३
२१. 'ओ रात के' गीत वाली किशोर कुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-२,२
२६. अमिताभ, संजीव, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
२८. 'नैनों में मेहबूब के' गीत वाली अक्षयकुमार, टिवंकल खन्ना की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3548

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्लै | क | मे | ल | ■ | जं | ■ | बे | व | फा |
| क | ■ | ला | ल | बं | ग | ला | ■ | जू | ■ |
| ■ | ही | ■ | का | ■ | ली | ■ | ग | द | र |
| मे | रा | ध | र | म | ■ | रा | ज | ■ | फा |
| हं | ■ | मां | ■ | ह | वा | ■ | ब | हा | र |
| दी | दी | ■ | दि | ल | दा | र | ■ | सि | ■ |
| ■ | दा | मु | ल | ■ | ■ | मा | ई | ल | व |
| सु | र | ■ | से | ह | रा | ■ | ■ | ■ | फा |
| हा | ■ | य | ■ | व | ■ | ज | या | प्र | दा |
| ग | दि | श | ■ | स | त्या | ■ | दें | ■ | र |

## सूडोकु -3549

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3548 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## शब्द पहेली - 3549



### बाएँ से दाएँ

1.यश प्राप्त करना–5
5.चतुर, जहीन–5
9.दया, तरस–3
10.कामदेव–3
11.लीन, तल्लीन–2
13.बोली, आवाज–2
14.राजदुर्वा–2
15.एक प्रकार का बिस्किट–2,3
18.मत, सलाह–2
19.जो लायक न हो–4
20.अधीनस्थ–4
21.कहानी, गाथा–2
22.श्रवणेंद्रिय–2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा–4
26.दान देने वाला–4
29.वरदान, दूल्हा–2
30.पत्नी का नाना–2,3
33.सूर्य, दिनकर–2
34.भीगा हुआ–2
35.सुर आलाप–2
36.फूलों का रस,अर्क–3
38.तरंग, हिलोर–3
41.जरुरतमंद–5
42.सेंधमार–5

### ऊपर से नीचे

1.नामकरण–5
2.टैक्स,हाथ–2
3.महीना, मास–2
4.नामवर, प्रसिद्ध–4
5.संधि, सामंजस्य–4
6.सरुर, नशा–2
7.झंकार–2
8.रमण योग्य–5
12.तगारी, नांद–3
13.सुअर–3
15.अभिमान मर्दित होना –2,3
16.समाप्त–2
17.नेकनीयत–5
23.हनुमान–3,2
24.मुलायम–3
25.उम्मीद, आशा–2
27.बहादुरी–3
28.शिव, रविलोचन–2,3
31.नामचीन–4
32.सुसंचालन–4
36.चेहरे का तेज, दर्प–2
37.रिश्तेदार–2
39.अधिकार–2
40.ईश्वर, भगवान–2

### शब्द पहेली -3548 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | ■ | ब | ला | ■ | य | म | ■ | श | र |
| या | ■ | क | ल | ■ | जो | श | ■ | जा | य | ज |
| ■ | कें | द | ■ | श | र | ■ | का | न | न | ■ |
| न | दी | ■ | खे | मा | ■ | का | त | ना | ■ | जा |
| म | ■ | जा | ल | ■ | का | य | र | ■ | ता | ल |
| ■ | मा | न | ■ | र | म | ल | ■ | का | ला | ■ |
| का | या | ■ | बी | न | ना | ■ | रा | म | ■ | सी |
| र | ■ | क | ह | र | ■ | शो | र | ■ | बा | धा |
| ■ | की | च | ड़ | ■ | सा | ला | ■ | री | त | ■ |
| क | म | रा | ■ | ख | र | ■ | सी | ता | ■ | द |
| म | त | ■ | जी | त | ■ | मा | मा | ■ | दा | म |

# एस्कॉन इन्फ्रा का अरबों का रियल एस्टेट घोटाला!

## रेरा नहीं, नक्शा नहीं, जमीन नहीं – फिर भी फ्लैटों की धड़ल्ले से बुकिंग, और सरकार खामोश!

विशेष भंडाफोड़ रिपोर्ट संवाददाता

जितेन्द्र चौधरी

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में एस्कॉन इन्फ्रा रियल्टर प्राइवेट लिमिटेड नामक रियल एस्टेट कंपनी ने भ्रष्ट सिस्टम की छत्रछाया में कानून, प्रशासन और जनता – तीनों के साथ क्रूर मज़ाक किया है।

रेरा रजिस्ट्रेशन नहीं, ज़मीन का स्वामित्व नहीं, नक्शा पास नहीं – इसके बावजूद कंपनी फेसबुक, इंस्टाग्राम, गूगल विज्ञापनों के ज़रिए लाखों लोगों को 'सपनों के घर' बेच रही है।

### कहां-कहां फैला फर्जीवाड़ा?

- सेक्टर 150, नोएडा
- सूरजपुर साइट-सी
- यमुना एक्सप्रेसवे
- और अब संभावित विस्तार ग्रेटर नोएडा सेक्टर-36 तक!




### 'फ्लैट नहीं, धोखा बिक रहा है' – एस्कॉन की असली सच्चाई

- कोई रेरा रजिस्ट्रेशन नहीं
- नो अथॉरिटी अप्रूवल
- जमीन एस्कॉन के नाम नहीं
- कोई नक्शा स्वीकृत नहीं
- कब्जा संदिग्ध और विवादित

### फिर भी जनता को बेच रहे हैं

11,000 में बुकिंग चालू, ड्रीम होम ऑफर, इन्वेस्टमेंट का सुनहरा मौका!

ऑनलाइन फ्रॉड का नया मॉडल – इंस्टाग्रा लाईव से लेकर ईएमआई तक का जाल! एस्कॉन इन्फ्रा सोशल मीडिया पर अपनी ब्रांडिंग को 'रियल' दिखाने के लिए हर दिन रील्स, सशुल्क विज्ञापन और इन्फ्लुएंसर कोलैबोरेशन का इस्तेमाल कर रहा है। इंस्टाग्राम और फेसबुक पर हर घंटे नया प्रचार – जनता को दिखाया जा रहा है सपनों का महल, जबकि कागज़ों में सब शून्य है।

### एनबीएफसी और बैंक भी खेल में शामिल?

ठीक शाहबेरी स्कैम की तर्ज पर एस्कॉन इन्फ्रा को कुछ एनबीएफसी और बैंक लोन मुहैया करा रहे हैं — ईएमआई लेकर जनता को फंसाने का वैसा ही प्लान, जहां घर का वादा तो मिलता है, लेकिन कब्जा नहीं – सिर्फ कोर्ट केस।

### रेरा, जीएनआईडीए और सिस्टम की चुप्पी – सबसे बड़ा सवाल!

1. जब कोई प्रोजेक्ट रेरा पोर्टल पर नहीं है, तो एनबीएफसी लोन कैसे दे रहे हैं?
2. जीएनआईडीए और अथॉरिटी को इन साइट्स की जानकारी नहीं है क्या?
3. डिजिटल प्लेटफॉर्म्स फर्जी विज्ञापन कैसे चला रहे हैं?

### क्या यह 'ऊपर तक सेटिंग' की क्लासिक केस स्टडी नहीं है?

अब सवाल बिल्डर पर नहीं — सरकार पर है!

2016 में रेरा कानून बना था ताकि जनता को बचाया जा सके। लेकिन 2025 में एस्कॉन इन्फ्रा जैसा बिल्डर बिना किसी डर, बिना किसी वैधता के, अरबों का स्कैम चला रहा है।

क्या यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश में कानून सिर्फ कमजोर और ईमानदारों पर चलता है?

### जनता के लिए चेतावनी

'बुकिंग रसीद' कानूनी गारंटी नहीं है

बैंक लोन का मतलब प्रोजेक्ट वैध नहीं है

ईएमआई की शुरुआत, अदालत की तारीख़ की गारंटी हो सकती है

'कागज़ दिखाओ, तभी बुकिंग कराओ!'

### जनहित में उठीं 6 ज़रूरी माँगें

1 एस्कॉन इन्फ्रा की सभी साइट्स पर संयुक्त जांच हो

2 फेसबुक, इंस्टाग्राम और गुगल को नोटिस भेजा जाए

3 एनबीएफसी और बैंकों पर नियामक कार्यवाही हो

4 एस्कॉन इन्फ्रा और निदेशकों पर एफआईआर दर्ज हो

5 फर्जी विज्ञापन चलाने वालों पर आईटी एक्ट के तहत कार्यवाही हो

6 भविष्य में बिना रेरा रजिस्ट्रेशन प्रोजेक्ट्स का डिजिटल बैन हो

एस्कॉन इन्फ्रा से प्रतिक्रिया के लिए संपर्क किया गया, लेकिन कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया।

अगर आज एस्कॉन इन्फ्रा पर कार्रवाई नहीं हुई — तो कल हर गली में एक नया एस्कॉन मिलेगा।

# ग्रेटर नोएडा में नलकूप ऑपरेटरों की मांग

## 700 कर्मचारियों का वेतन और ईपीएफ बकाया, प्राधिकरण ने 3 दिन में समाधान का दिया आश्वासन

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में कार्यरत 700 नलकूप ऑपरेटर कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान के नेतृत्व में यह प्रदर्शन आयोजित किया गया।

संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आलोक नागर ने बताया कि कुछ ठेकेदार पिछले 20 वर्षों से ईएसआईसी और ईपीएफ में अनियमितता कर रहे हैं। कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। कई कर्मचारियों का 5 से 7 महीने का वेतन बकाया है।



राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेश भाटी ने कहा कि ठेकेदार कर्मचारियों को मनमाने तरीके से निकाल रहे हैं और वेतन में अनुचित कटौती कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सभी कर्मचारियों को जैम पोर्टल से जोड़ा जाए।

प्रदर्शन के दौरान प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरणा सिंह, ओएसडी अभिषेक पाठक और महाप्रबंधक एके सिंह से वार्ता हुई। अधिकारियों ने 3 दिन में समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही 2-3 महीने में सभी कर्मचारियों को नियमित करने की बात कही।

संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो वे प्राधिकरण पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में किसान मजदूर संगठन के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पंप ऑपरेटर मौजूद थे।

# तिलपता गांव में जलभराव और ट्रैफिक जाम से परेशान किसान



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के तिलपता गांव में किसानों ने महापंचायत का आयोजन किया। भारतीय किसान यूनियन बलराज के नेतृत्व में हुई इस महापंचायत में गांव की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। मंदिर के पास जल भराव और ट्रैफिक जाम प्रमुख समस्याओं में शामिल हैं। दादरी-सूरजपुर मार्ग पर गांव में लंबे समय से दूषित पानी भरा रहता है। नहर की सफाई न होने से संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण लंबे समय से पानी निकासी और जल भराव समेत अन्य समस्याओं का समाधान मांग रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन बलराज के अध्यक्ष बलराज भाटी के नेतृत्व में किसानों ने चेतावनी दी है।

# नोएडा में अवैध इमारत की सील तोड़ी, मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** प्राधिकरण की अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर बनी बहुमंजिला इमारत में लगी सील तोड़ने के आरोप में एक नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज हुआ है। केस नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल आठ के अवर अभियंता एसके वर्मा की ओर से दर्ज कराया गया है।

पुलिस नामजद आरोपी से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### 21 मई को प्राधिकरण ने की थी सील

शिकायतकर्ता के मुताबिक हाजीपुर गांव के खसरा संख्या 412 पर एटीएस हेमलेट सोसाइटी निवासी सुनील त्यागी द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। संबंधित भूमि नोएडा प्राधिकरण की कब्जा प्राप्त भूमि है। अतिक्रमण को रोकने के लिए प्राधिकरण की ओर से पुलिस स्टेशन पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई करने के लिए शिकायत पत्र भी दिया गया था।

संबंधित भूमि पर बनी अवैध बिल्डिंग को प्राधिकरण द्वारा 21 मई को सील कर दिया गया ताकि अतिक्रमण करने वाले आगे कुछ न कर सकें।

आरोप है कि 28 मई को पांच से छह लोगों ने प्राधिकरण की सील को जबरदस्ती तोड़कर अतिक्रमित बिल्डिंग में जबरन प्रवेश किया गया।

# नोएडा में 50 लाख का गांजा के साथ 5 गिरफ्तार

## थाइलैंड से शिलॉन्ग और फिर नोएडा लेकर आते थे

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेज-2 पुलिस व सीआरटी टीम ने पांच गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये लोग थाइलैंड से ओजी गांजा शिलॉन्ग मंगवाकर दिल्ली एनसीआर में में सप्लाई करते है। इनके पास अन्य दो और किस्म का गांजा बरामद किया गया। बरामद किया गया गांजा करीब 26.5 किलो है। जिसकी कीमत 50 लाख रुपए के आसपास है।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इनके कब्जे से 2 किलोग्राम ओजी गांजा, 8 किलोग्राम शिलोंग गांजा व 16.5 किलोग्राम मेंगो गांजा बरामद किया गया। ये लोग बाइक से एनसीआर में गांजा सप्लाई करते है। इनकी पहचान चंदन राव, अजीम, शमीम ये तीनों अनपढ़ है।वहीं बंटी



कुमार और सूरज राव दोनों बीए पास है। इन पांचों को एक्सप्रेस वे रोड सेक्टर-93 कट के पास से गिरफ्तार किया गया।

### कॉलेज और सोसाइटी टारगेट

डीसीपी ने बताया कि ये गांजा एनसीआर के कालेज, सोसाइटियों में सप्लाई करते है।

ये पकड़े न जाए इसलिए एक जगह नहीं रहकर निरंतर स्थान बदलते रहते हैं। इन सभी का कोई निश्चित ग्राहक नहीं होता। बल्कि यह मोल तोल करके जहां भी इनको अधिक दाम मिलता है। वहीं दही गांजा बेच देते है। वाट्स एप्प काल का प्रयोग कर बात करते थे ताकी पुलिस इनको ट्रैक न कर सके। गाजा सप्लाई करने के लिए बाइक का प्रयोग करते है।

### ट्रेन से लाते थे गांजा

थाइलैंड से ओझी गांजा शिलांग आता है। वहां से ये लोग ओझी गांजा, शिलांग गांजा और मेंगो गांजा ये तीन किस्म का गांजा सामान के साथ दबाकर एनसीआर के प्रमुख स्टेशन से पहले उतार लेते है। वहां से बाइक के जरिए ये गांजा एनसीआर में लाते है और बेचते है। इनके मोबाइल से कई ग्राहकों के नंबर भी मिले है। जिसमें अधिकांश स्टूडेंट और पीजी में रहने वाले लोग है।

# प्राधिकरण ने निर्माणाधीन इमारतों को किया सील

## छह अलग-अलग खसरा नंबर में बन रही थी इमारत, सभी पर लिखा 'ये इमारत अवैध'

एजेंसी

**नोएडा।** प्राधिकरण अधिग्रहीत और कब्जा प्राप्त भूमि पर बिना अनुमति और बिना नक्शा पास कराए बन रही अवैध इमारतों को सील कर रहा है। इस क्रम में सोमवार को प्राधिकरण की वर्क सर्किल-8, 9 भूलेख विभाग की टीम ने छह अलग-अलग खसरा नंबर पर बन रही इमारतों को सील किया।

इसमें वर्क सर्किल 9 के तहत गांव नगली वाजिदपुर में खसरा संख्या 168, 197, 204, 188 व 72 और वर्क सर्किल 8 के अन्तर्गत गाव हाजीपुर स्थित खसरा संख्या 237 की भूमि पर अवैध रूप से निर्मित किए जा रहे हाइराइज इमारत है।

प्राधिकरण ने बताया कि इन खसरों की भूमि पर अवैध निर्माण कर रहे अतिक्रमणकर्ताओं को कई बार नोटिस दिए गए। लेकिन अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा निर्माण कार्य को नहीं रोका गया।

इस कारण प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणाधीन भवनों को सील किया गया। इन अवैध निर्माण को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए ध्वस्त किया जाएगा।




### 150 इमारतों पर लिखा चुका है

बता दें नोएडा प्राधिकरण की ओर से अब करीब 150 इमारतों पर ये इमारत अवैध है लिखवाया जा चुका है। इसमें कई रिहाइशी इमारत और कामर्शियल इमारत शामिल है। जिनको ध्वस्त किया जाएगा। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया नोएडा में किसी भी तरह का अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

### जारी की एडवाइजरी

इन इमारतों पर यह बिल्डिंग अवैध है भी अंकित करा दिया गया है। इस मौके पर प्राधिकरण ने एडवाइजरी की। प्राधिकरण ने लोगों को सचेत किया कि उक्त खसरों की भूमि, भवन खरीदने बेचने वाले भूमाफियाओं के चंगुल में न आएं। यहां पर प्राधिकरण के नियोजन अनुसार ही विकास कार्य कराया जाना प्रस्तावित है।

# नोएडा में कार से पुलिस की बैरिकेडिंग खींची

**नोएडा।** नोएडा में पुलिस बैरिकेडिंग को रस्सी से बांधकर कार से खीचने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। ये वीडियो दन कौर के आसपास का बताया जा रहा है। वीडियो में दिख रहे युवक एक नामी यूनिवर्सिटी के बताए जा रहे है। वीडियो में ये भी दिख रहा है उनकी कार की सीट पर एक पिस्टल भी रखी है। वीडियो को टैग कर लोगों ने पुलिस से सख्त एक्शन की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वीडियो 13 सेकेंड का है। वीडियो में युवक ने पहले बैरिकेडिंग को रस्सी से बांधा। इसके बाद उसे कार से घसीटना शुरू किया। बैरिकेडिंग लोहे का होने से सड़क पर तेज चिनगारी भी उठ रही है। गनीमत है कार के आसपास कोई अन्य वाहन नहीं है। अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था। इसके अलावा कार की सीट पर पिस्टल भी रखी है। जाहिर ये युवक दबंग प्रवृति के है। ये वीडियो पहले शूट किया गया। इसके बाद रील बनाकर इसे वायरल किया गया। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लिया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

# तीन अन्तर्राज्यीय टप्पेबाजों को जेवर पुलिस ने किया गिरफ्तार



सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर पुलिस ने आर ओ लगाने के नाम पर भोले भाले लोगों से धोखाधड़ी करने वाले तीन अन्तर्राजीय टप्पेबाजों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार जेवर पुलिस के एसआई संसार सिंह, एसआई अवधेश सिंह, एसआई शुभेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने पुलिस बल कास्टेंबल विकास,कास्टेंबल अभिषेक पंवार, कास्टेंबल राहुल, कास्टेंबल अंकित मलिक सर्विलान्स सैल ग्रेटर नोएडा के साथ मिलकर धोखाधड़ी करने वाले तीन अन्तर्राजीय टप्पेबाजों कपिल पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी ग्राम चौकडा थाना नौझील जनपद मथुरा, यतीश शर्मा पुत्र मूकुन्दी लाल शर्मा निवासी न्यू राज नगर थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर, पप्पन उर्फ प्रदीप पुत्र विष्णु निवासी ग्राम चरौरा मुस्तफाबाद थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर को चोरोली अण्डरपास से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने छः फर्जी आधार कार्ड, घटना मे प्रयुक्त पाँच मोबाईल फोन,एक मोटर साईकिल प्लैटीना और घटना से सम्बन्धित 3000 रूपये नगद बरामद किए हैं।

अभियुक्तगण पप्पन उर्फ प्रदीप तथा कथित करन यादव फर्जी कम्पनी का सुपरवाईजर बनकर भोले भाले लोगों को अपनी बातो में फंसाकर अपने साथी यतीश शर्मा तथाकथित अनिल को मैनेजर के रूप में बताकर लोगों से मिलवाता था उसके बाद फरार अपराधी जितेन्द्र कुमार ग्राहक के रूप में जिसके रूपये कम्पनी में बकाया होने का छलकपट करता है।

# शार्ट न्यूज

## किसान यूनियन भानु की बैठक

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के कनारसी गांव में भारतीय किसान यूनियन भानु की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक जिलाध्यक्ष राजकुमार नागर के आवास पर हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप ने बैठक की अध्यक्षता की। प्रदेश प्रवक्ता मास्टर महकार नागर ने बैठक का संचालन किया। हरिद्वार में आयोजित होने वाले चिंतन शिविर की तैयारियों को लेकर यह बैठक बुलाई गई थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि चिंतन शिविर 13 से 15 जून तक चलेगा। इस शिविर में देशभर से किसान शामिल होंगे। किसानों के शोषण को रोकने के उपायों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में सत्यवीर सिंह, जय कुमार, अशोक कुमार, आनंद दरोगा, प्रेम सिंह भाटी, भानु प्रकाश, ब्रिजेश सिंह, टीकम नागर, राजवीर मुखिया, अनिल बैसोया, महेश तंवर, डॉक्टर रोहतास, सोनू अवाना, हरी अवाना, मोनू उर्फ राजकुमार, सुनील अवाना, मुनीम नागर और प्रदीप भाटी सहित कई किसान नेता उपस्थित रहे।

## जिम्स में लावारिस मरीज की देखभाल में लापरवाही : बाथरूम के पास पड़ा था मानसिक रोगी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में एक लावारिस मानसिक रोगी की देखभाल में लापरवाही का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में मरीज बाथरूम के पास पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। वह अपने हाथों को पीट रहा था, लेकिन उसकी मदद के लिए कोई स्टाफ मौजूद नहीं था। अल्फा टू सेक्टर के अध्यक्ष सुभाष भाटी ने यह वीडियो बनाया। उन्होंने बताया कि शनिवार को अस्पताल में यह स्थिति देखी। मरीज मदद के लिए गुहार लगा रहा था। रिसेप्शन पर कोई नहीं था। दो वार्ड बॉय कमरे में फोन देख रहे थे। जिम्स के निदेशक डॉ. राकेश कुमार गुप्ता ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि मरीज साइकॉटिक है। उसे अन्य मरीजों की सुरक्षा के लिए बांधकर रखना पड़ता है। वह लावारिस है और बिना किसी परिचारक के भर्ती किया गया था। संभवत: वह बाथरूम गया और वहीं गिर गया। निदेशक ने स्टाफ को कड़े निर्देश दिए हैं। मरीजों की देखभाल में कोई लापरवाही न हो। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों को सभी मरीजों का उचित ध्यान रखने की हिदायत दी गई है।

## ग्रेटर नोएडा में अवैध कब्जा हटाया

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-2 में बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने पतवाड़ी में अवैध कब्जे को हटाकर 10 आवंटियों को उनकी जमीन सौंप दी है। इस जमीन की बाजार कीमत करीब 100 करोड़ रुपये आंकी गई है। सेक्टर-2 के डी ब्लॉक में इन आवंटियों को आवासीय भूखंड दिए गए थे। लेकिन अतिक्रमण की वजह से वे अपनी जमीन नहीं ले पा रहे थे। आवंटियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से मुलाकात की। सीईओ के निर्देश पर एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कार्रवाई के लिए टीम भेजी। महाप्रबंधक एके सिंह के नेतृत्व में टीम ने खसरा संख्या 1150 की करीब 10 हजार वर्ग मीटर जमीन को खाली कराया। वर्क सर्किल 3 के वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। तीन जेसीबी और चार डंपर की मदद से पांच घंटे में जमीन खाली करा ली गई। इस कार्रवाई से सेक्टर-2 में 9 मीटर और 18 मीटर की सड़क बनाने का रास्ता भी साफ हो गया है। साथ ही ग्रीन बेल्ट भी विकसित की जा सकेगी। इससे सेक्टर के निवासियों को राहत मिली है।

## ग्रेटर नोएडा में दबंगों ने युवक को पीटा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में एक हत्या के गवाह को आरोपियों ने धमकाया और पीटा है। कोर्ट के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पिछले साल जुलाई में अस्तौली गांव निवासी कमल की पीपलका गांव में हत्या कर दी गई थी। उस समय कमल के भतीजे जितेंद्र को भी आरोपियों ने पीटा था। हत्या के मामले में करीब 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। 14 जनवरी को जितेंद्र अपने पारिवारिक भाई के साथ बिलासपुर से बाइक पर लौट रहा था। रास्ते में कार सवार तीन आरोपियों ने उन्हें रोका और मारपीट की। आरोपियों ने जितेंद्र को धमकी दी कि अगर उसने उनके पक्ष में गवाही नहीं दी तो उसका भी वही हाल होगा जो उसके चाचा का हुआ। स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता के कारण पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर विकास, दादुपुर निवासी आसू और सलेमपुर निवासी अर्पण के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ग्रेटर नोएडा में सीवर लाइन में गिरा गोवंश



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे के पास सोमवार शाम को गहरे सीवर लाइन में गिरे एक गोवंश की सोमवार को गोसेवकों ने जान बचाई है। बताया जाता है कि गोवंश ववहां से निकलते वक्त सीवर लाइन में गिर गया था। गोसेवक त्रिलोक नागर का कहना है कि मामले की जानकारी होने पर उन्होंने अपनी टीम के लोगों के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन के माध्यम से गोवंश को बाहर निकाला है। उनका कहना है कि सीवर लाइन संकरी होने की वजह से गोवंश उसमें गिरने के बाद निकल नहीं पा रहा था। जिसके बाद उन्होंने वहां पहुंचकर मदद की है। उनका कहना है कि आगे भी उनका संगठन इसी तरह गोवंश की मदद करता रहेगा।

## समय से प्राधिकरण नहीं आने पर 35 का रोका वेतन

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण में जीरो टालरेंस नीति पर कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार को करीब 35 कर्मचारी और अधिकारी समय से ऑफिस नहीं आए। इन सभी के एक दिन का वेतन रोकने का आदेश नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने दिए है। उन्होंने बताया कि विगत कई बार से कर्मचारियों और अधिकारियों को समय से ऑफिस आने के लिए निर्देशित किया जाता रहा है। इसके बाद भी ये लोग समय से ऑफिस नहीं पहुंचे। इसके लिए इन सभी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण नहीं देने पर नियमानुसार एक्शन लिया जाएगा। बता दे पहले भी सीईओ द्वारा प्राधिकरण का अचानक निरीक्षण कर कई बार अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी जारी की जा चुकी है। यही नहीं एक बुजुर्ग का कार्य करने में देरी होने पर पूरे स्टॉफ को ही एक घंटे तक खड़े होकर कार्य करने की सजा भी दी जा चुकी है।

## पुलिस ने 10 घंटे में तलाशी गुमशुदा बच्ची

**नोएडा।** नोएडा की थाना फेज-1 पुलिस ने 155 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज चेक करके एक तीन साल की बच्ची को 10 घंटे में सकुशल बरामद किया। परिजनों का आरोप है कि बच्ची को उसके पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति अपने साथ ले गया। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाना फेज-1 में की।पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर तत्काल तीन टीमों का गठन किया गया। महज कुछ ही घंटों में बच्ची को नोएडा के हाजीपुर सेक्टर-103 थाना सेक्टर-39 क्षेत्र से बरामद किया गया। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि सेक्टर-10 में कृष्ण मंडल परिवार के साथ रहते है। उनकी तीन साल की बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। अचानक वो गायब हो गई। काफी तलाश की लेकिन वो नहीं मिली। सेक्टर-9 में रहने वाला विष्णु मंडल भी उसी समय ये गायब है। बताया गया कि विष्णु मंडल मानसिक रूप से विक्षिप्त है। परिवार को शक हुआ कि कही विष्णु मंडल ही बच्ची को लेकर गया है। उन्होंने थाना फेज-1 में पुलिस से शिकायत की। थाना फेज-1 पुलिस ने तत्काल तीन टीमों का गठन किया। तीनों टीमों को अलग-अलग दिशा में सर्च के लिए भेजा गया।

# बाराबंकी में पति-पत्नी, जीजा समेत 4 की मौत

## भाई की सगाई करके कानपुर से लौट रहे थे, टक्कर इतनी भीषण कि अर्टिगा पिचक गई



**बाराबंकी।** बाराबंकी में ट्रक और अर्टिगा कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार प्रॉपर्टी डीलर, उनकी पत्नी और जीजा समेत 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 बच्चों समेत 3 लोग घायल हो गए। प्रॉपर्टी डीलर पत्नी के भाई की सगाई में शामिल होकर परिवार के साथ कानपुर से गोंडा लौट रहे थे।

सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे लखनऊ-बहराइच हाईवे पर रामनगर में हादसा हो गया। हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर राहगीर मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायलों को कार से बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया गया। टक्कर से कार का एयरबैग खुला, लेकिन आगे बैठे किसी की जान नहीं बच गई। हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

जिस हाईवे पर हादसा हुआ है। उस डिवाइडर नहीं बना है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को झपकी आने की वजह से हादसा हुआ है।

मृतकों की पहचान गोंडा के मालवीय नगर निवासी प्रॉपर्टी डीलर सुधीर मौर्य (35), उनकी पत्नी शांति (33), जीजा रमाशंकर (38) और ड्राइवर अयान कुरैशी (23) के रूप में हुई है। रमाशंकर गोंडा जिले में खिरभा गांव के रहने वाले थे। जबकि पूजा कुशवाहा (32), अक्ष (9) और अनवी (5) गंभीर रूप से घायल हैं। सुधीर की पत्नी शांति कॉस्मेटिक की दुकान चलाती थीं।

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हादसे के वक्त सड़क खाली थी और सभी गाड़ियां तेज रफ्तार में चल रही थीं। अर्टिगा कार की स्पीड करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे रही होगी। अचानक कार का बैलेंस बिगड़ गया और वह सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद मैं दौड़कर मौके पर पहुंचा। देखा तो कार सवार तड़प रहे थे। थोड़ी देर में कई लोग और आ गए। हम लोगों ने सभी को किसी तरह बाहर निकाला। इसके बाद सभी को अस्पताल भिजवाया गया।

## बीएड परीक्षा में नकल करते सात छात्र-छात्राएं रिस्टीकेट

**गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा आयोजित बीएड दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 02 जून 2025 को भी संपन्न हुई। इस दौरान नकल करते हुए पकड़े गए सात छात्र-छात्राओं को रिस्टीकेट कर दिया गया। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि परीक्षा में कुल 1509 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें 1476 उपस्थित रहे और 33 अनुपस्थित। परीक्षा के दौरान प्रॉक्टोरियल बोर्ड एवं आंतरिक उड़ाका दल की टीम और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्रवण कुमार शुक्ल ने कड़ी निगरानी की। इस बीच, अनुचित साधनों (यूएफएम) का उपयोग करते हुए सात छात्र-छात्राओं को पकड़ा गया। प्राचार्य ने बताया कि विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी सातों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है और उन्हें रिस्टीकेट कर दिया गया है। परीक्षा केंद्र पर कड़े सुरक्षा इंतजामों के बावजूद नकल के प्रयासों ने कॉलेज प्रशासन को सतर्क कर दिया है। प्राचार्य ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए और सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस घटना ने नकलचियों के दहशत का माहौल बना का विषय बना हुआ है।

# मथुरा पुलिस से मुठभेड़ में अंकुर पंडित घायल

**दिल्ली के गोविंदपुरी में नाबालिग से रेप केस में फरार था, पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती**



**मथुरा।** मथुरा के थाना जैंत क्षेत्र में पुलिस की हिस्ट्रीशीटर बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर बदमाश गोली लगने से घायल हो गया।

घायल बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घायल बदमाश पर दिल्ली के थाना गोविंदपुरी क्षेत्र में नाबालिग से रेप का आरोप है।

### मुखबिर से मिली थी सूचना

रविवार की रात को थाना जैंत पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना गोविंद नगर क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर बदमाश अंकुर भारद्वाज उर्फ अंकुर पंडित गोवर्धन से नेशनल हाईवे की तरफ आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने छठीकरा रेलवे पुल से आगे राधाकुंड की तरफ चैकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस को अंकुर पंडित अपाचे बाइक से आता दिखाई दिया।

राधाकुंड की तरफ से आ रहे अंकुर पंडित ने जब पुलिस चैकिंग देखी तो वह हड़बड़ा गया और भागने लगा। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस पर दो फायर कर दिए। जिससे बचते हुए पुलिस ने फायरिंग की। जिसमें एक गोली अंकुर पंडित के पैर में एक गोली लग गई और वह घायल हो गया। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

### यह हुआ बरामद

अंकुर पंडित पर आरोप है कि वह दिल्ली के थाना गोविंदपुरी में 16/2015 गैंग का सक्रिय सदस्य है। इसके अलावा उस पर थाना गोविंदपुरी क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से रेप का भी आरोप है। पुलिस ने अंकुर पंडित के पास से तमंचा,3 जिंदा और 2 खोखा कारतूस के अलावा अपाचे बाइक और मोबाइल बरामद किया।

# शार्ट न्यूज

## दुष्कर्म मामले का वांछित गिरफ्तार

**ललितपुर।** महरौनी पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी, महरौनी रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस द्वारा थाना महरौनी पर पंजीकृत मु0अ0स0- 232/2025 धारा 64/61(2) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त- छोटू उर्फ नीतेश पुत्र पजन लाल उम्र 19 वर्ष नि0 ग्राम बमराना थाना नाराहट ललितपुर को इन्द्रा चौराहा कस्बा व थाना महरौनी से नियमानुसार गिरफ्तार कर, उसके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुये, माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है ।गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र मय टीम आदि शामिल रहे।

## प्रयागराज में सपा नेता का अश्लील वीडियो

**प्रयागराज।** प्रयागराज में सपा नेता का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह एक युवती साथ अश्लील हरकतें करते नजर आ रहे हैं। वहीं, युवती शराब की बोतल हाथ में पकड़े दिख रही है। वह बेड पर सपा नेता की गोद में बैठी है। वीडियो में दिख रहा सपा नेता रामसागर उर्फ मुखिया यादव है। वह मेजा लोहारी का रहने वाला है और साधन सहकारी समिति का अध्यक्ष रह चुका है। वीडियो में सामने आने के बाद डीसीपी यमुना नगर विवेक चंद्र यादव ने मामले में मेजा थाने में रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। वहीं, सपा नेता मुखिया यादव कहना है कि यह वीडियो फर्जी है। मुझे बदनाम करने के लिए मेरी ही पार्टी के एक विधायक की साजिश है। मैं इसकी शिकायत अफसरों से करूंगा। सोमवार को सपा नेता के खिलाफ स्नढ्ढक्रलिखी गई। उन्हें अरेस्ट किया गया। बाद में उन्हें निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया। वीडियो में मुखिया यादव (45) के बगल में दो अन्य लोग भी हैं। वो भी सपा से जुड़े बताए जा रहे हैं। वीडियो एक बंद कमरे का है। माना जा रहा है कि डांस और मस्ती के दौरान इसे बनाया गया।

## दूसरी शादी का विरोध करने पर दो पक्ष भिड़े

**मेरठ।** मेरठ के लिसाड़ी गेट चौराहे पर सोमवार रात को पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। साजिद द्वारा दूसरी शादी करने के विरोध में दोनों पक्षों में झड़प हो गई। साजिद अपने एक दर्जन साथियों के साथ अपनी पहली पत्नी शगुफ्ता के भाई आसिफ की कपड़े की दुकान पर पहुंचा। घटना की जड़ में 7 साल पहले सोहराब गेट निवासी शगुफ्ता की साजिद से हुई शादी है। दो साल पहले पति-पत्नी में विवाद के बाद शगुफ्ता मायके चली गई। तीन दिन पहले साजिद ने दूसरी शादी कर ली। इस बात का पता चलने पर शगुफ्ता के परिवार ने विरोध किया और साजिद के पिता चांद को थप्पड़ मार दिया। इसी रंजिश में साजिद ने अपने साथियों के साथ आसिफ की दुकान में तोड़फोड़ की। दोनों पक्षों में धारदार हथियारों से हमला और पथराव हुआ। इस दौरान चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीर अपने वाहन छोड़कर भागे और मार्केट बंद हो गया। सूचना पाकर लिसाड़ी गेट और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया, जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए। झड़प में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हुए हैं। पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।


## केवाईसी अपडेट के बहाने साइबर ठगी

**लखनऊ।** लखनऊ के कृष्णानगर थाना क्षेत्र में एक बड़ी साइबर ठगी का मामला सामने आया है। गीतापल्ली निवासी त्रिवेणी प्रसाद वर्मा के साथ केवाईसी अपडेट के नाम पर धोखाधड़ी की गई। 29 अप्रैल की सुबह त्रिवेणी प्रसाद को एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक ऑफ महाराष्ट्र का कर्मचारी बताया। उसने त्रिवेणी प्रसाद को बताया कि उनके खाते की केवाईसी अपडेट नहीं है। जालसाज ने वीडियो कॉल के जरिए स्क्रीन शेयर कर केवाईसी अपडेट का दिखावा किया। इस दौरान उसने खाते की जानकारी हासिल की। केवाईसी अपडेट के नाम पर की गई इस कार्रवाई के बाद पीड़ित के खाते से तीन अलग-अलग लेनदेन में कुल 3 लाख 83 हजार रुपए निकाल लिए गए। पीड़ित को मोबाइल पर आए संदेश से पैसे निकलने की जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत साइबर सेल और कृष्णानगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। घटना के एक महीने बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जालसाज की तलाश में जुटी है।

## संभल में नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास

**संभल।** संभल के गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की ने अपनी सूझबूझ से दुष्कर्म के प्रयास को नाकाम कर दिया। घटना बबराला-गवां सड़क मार्ग पर स्थित एक पशु बाड़े में हुई। 14 वर्षीय किशोरी अपने परिवार के पशु बाड़े में अकेली थी। उसके माता-पिता गांव में एक महिला की मृत्यु के कारण वहां गए थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे एक स्प्लेंडर बाइक सवार व्यक्ति वहां आया। उसने किशोरी को अकेला देखकर उसे दबोच लिया और पास की नहर की तरफ ले गया। आरोपी ने किशोरी पर हमला कर उसके शरीर पर दांत से काटा। किशोरी ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी के सिर पर डंडे से वार कर दिया। इसी दौरान पीड़िता की मां वहां पहुंच गईं। आरोपी ने मां के साथ भी मारपीट की और फिर बाइक से फरार हो गया। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष अखिलेश प्रधान के अनुसार पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की तलाश कर रही है। पीड़ित परिवार आरोपी की पहचान न होने के कारण दहशत में है।

## आगरा पुलिस ने पकड़े 14 सट्टेबाज



**आगरा।** आगरा पुलिस ने जुआ और सट्टा खेलने वाले 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 54 हजार रुपए, 53 सट्टे की पर्ची बरामद की गई है। ये लोग रकाबगंज क्षेत्र के एक मकान में सट्टे की खाई बाड़ी का काम कर रहे थे। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि एक मई की रात को थाना रकाबगंज पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी। तभी पुलिस को जानकारी मिली कि क्षेत्र में एसआर गली के एक मकान में कुछ लोग जुआ और सट्टा खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने मकान में छापा मारा तो यहां पर उदय प्रताप, चंद्र प्रकाश, योगेंद्र सिंह, सोनू शर्मा, रामू, योगेश, नितिन और शैलेंद्र सिंह सट्टा लगा रहे थे। पुलिस ने सीाी को गिरफ्तार कर लिया। इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सभी को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## अमरोहा में ट्रैक्टर ट्राली नदी में पलटी

**अमरोहा।** अमरोहा के रहरा थाना क्षेत्र में सोमवार को भात से लौट रहे लोगों की ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर नदी में पलट गई। जिससे एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह से अधिक लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, गजरौला थाना क्षेत्र के गांव चक कुदैना से लोग रहरा के मलकपुर गांव में रिश्तेदारी में भात देकर लौट रहे थे। जैसे ही उनका वाहन भावली गांव के पास नदी पुल के नजदीक पहुंचा, चालक का नियंत्रण ट्रॉली पर से हट गया और खाली नदी में ट्रॉली पलट गई। हादसे में चक कुदैना निवासी राम सिंह उर्फ मस्ता की 20 वर्षीय बेटी माया की मौके पर मौत हो गई। ट्रॉली में सवार संतोष, अर्चना, दया, प्रीति समेत छह से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही रहरा पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वहीं, इलाज में लापरवाही को लेकर ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

# चाकू गोदकर युवक की हत्या

## नशे में आरोपी ने किए कई वार; दोनों साथ बैठकर खेल रहे थे ताश

**नोएडा।** नोएडा में सोमवार देर रात चाकू गोदकर युवक की हत्या कर दी गई। वारदात को उसी के साथी ने अंजाम दिया। भागते वक्त पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। दोनों साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसके बाद ताश खेलने लगे।


इसी दौरान दोनों में विवाद हो गया। मृतक युवक की पहचान कपिल उर्फ कपिला पुत्र ओमप्रकाश निवासी जेजे कालोनी सेक्टर-49 हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना स्थल पर पुलिस फोर्स तैनात है। ये मामला बरौला गांव का है।

एडसीपी सुमित शुक्ला ने बताया- आरोपी जितेन्द्र और कपिल दोनों दोस्त थे। दोनों अक्सर एक दूसरे के साथ बैठकर शराब पीते थे। दोनों शराब पी रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आपस में झगड़ा हुआ। इसके बाद जितेंद्र ने अपने पास रखे चाकू से कपिल पर कई वार किए। पेट और सीने में वार करने से कपिल गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर ही कपिल की मौत हो गई।

जितेंद्र घबरा गया और वहां से भाग कर अपने घर में छिप गया। इस दौरान महिलाओं ने उसका पीछा किया। आरोपी ने अपने कमरे में बंद कर लिया। पुलिस को जानकारी दी गई। थाना सेक्टर-49 पुलिस पहुंची। आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ की जा रही है।

# मुरादाबाद में एकतरफा प्यार में युवती की हत्या

## मक्का के खेत में मिली डेडबॉडी; प्रेमी बोला- शक था किसी दूसरे से बातें करती है




**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में इकतरफा प्यार में एक लड़की की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। युवती की डेडबॉडी गांव के बाहर जंगल में मक्का के खेत में पड़ी मिली। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले लड़की के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में हत्यारोपी ने वारदात कबूल करते हुए कहा कि, उसे शक था कि उसकी प्रेमिका किसी दूसरे लड़के से बातें करती है, इसलिए उसे मार डाला। घटना मुरादाबाद के मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव मिलक मैनाठेर की है। आले हसन की 20 साल की बेटी सायरा शनिवार शाम को बकरियों का चारा लेने जाने की बात कहकर अपने घर से निकली थी। लेकिन वापस नहीं लौटी। परिवार ने बेइज्जती के डर से पुलिस को सूचना नहीं दी और खुद ही उसे खोजने लगे। मक्का के खेत में लड़की की लाश मिलने के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।

रविवार को मक्का के खेत में लड़की की लाश मिलने की सूचना पर मुरादाबाद के स्स्क्क सतपाल अंतिल समेत तमाम पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मौके पर ही घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया है। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर फॉरेंसिक एविडेंस भी कलेक्ट किए गए हैं।

लड़की मां सफीना ने पुलिस को बताया कि गांव का रफी नाम का लड़का उसकी बेटी को अक्सर परेशान करता था। रफी लड़की पर प्रेम संबंध बनाने के लिए दबाव डालता था। युवती ने उसे इंकार कर दिया था। जिस पर रफी ने धमकी भी दी थी। सफीना की तहरीर पर पुलिस ने रफी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने रफी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह टूट गया और उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। रफी ने पुलिस को बताया कि, वह सायरा से प्यार करता था। लेकिन सायरा किसी दूसरे लड़के से बातें करती थी। इसलिए उसने मक्का के खेत में ले जाकर उसे चाकू से गोदकर मार दिया। उधर, पुलिस ने युवती के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती से रेप की पुष्टि नहीं हुई है।

# पुलिस ने पैदल गशत कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को पैदल गशत कर नगर की सुरक्षा व्यवस्था को जायजा लिया। इस दौरान सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए लोगों को चेतावनी दी गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि लोगों की सुरक्षा करना पहली प्राथमिकता है। पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा की एहसास कराया गया है। उन्होंने बताया कि रात को पुलिस टीम लगातार क्षेत्र में गश्त करती है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने पुलिस बल के साथ शहर के मुख्य चौराहों पर पैदल गश्त की। यह गश्त शहर की सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने और अपराधों पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से की गई। प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ प्रमुख चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से बातचीत की और उन्हें सतर्क रहने के लिए जागरूक किया गश्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल को निर्देश दिए कि वे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें और स्थानीय लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें। इस प्रकार की गश्त से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल और अपराध पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा।

## गाजियाबाद में कारोबारी की हत्या

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में रविवार रात होटल कारोबारी के सीने में गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात क्लासिक रेजीडेंसी सोसाइटी के पास रविवार रात करीब 10 बजे की है। दोस्तों में होटल के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। मृतक की पहचान गाजियाबाद के सिकरोड निवासी राहुल डागर (32) के रूप में हुई है। राहुल का भतीजा आशीष डागर (24) पैर में गोली लगने से घायल है। 5 लोग मिलकर हल्द्वानी में साझे में होटल चलाते हैं। होटल के लेनदेन के करीब 50 लाख रुपए का विवाद बताया जा रहा है। पैसों को निजी खातों में जमा करने पर विवाद बढ़ा। नंदग्राम थाना क्षेत्र में राजनगर एक्सटेंशन में रविवार रात 6 दोस्त एक साथ खाना खा रहे थे। पुलिस ने बताया कि इन दोस्तों का उत्तराखंड के हल्द्वानी में एक होटल है। होटल में पैसों के बंटवारे को लेकर भी पहले विवाद हुआ था। पहले भी दो पक्षों में मारपीट हो चुकी है। रविवार रात जब खाना खाकर निकले तो इसी दौरान राहुल डागर का अपने ही दोस्त नागेंद्र और मोहित से होटल के पैसों को लेकर विवाद हो गया।

## दोस्तों संग नहाने गया मासूम पांडु नदी में डूबा

**कानपुर।** गुजैनी थाना क्षेत्र में पांडु नदी में दोस्तों संग नहाने गए 8 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद गोताखोरों ने 5 घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। शव मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। मूलरूप से कानपुर देहात के मंगलपुर अकारू गांव निवासी सुरेश ?सविता का परिवार गुजैनी में किराए पर कमरा लेकर रहता है। परिवार में पत्नी अंजू और बेटे कृष्णा व शिवा थे। मां अंजू ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे शिवा घर से खेलने जाने की बात कहकर निकला था। खेलने के बाद मोहल्ले के लड़कों के साथ वह पांडु नदी में नहाने पहुंच गया, जहां नहाने के दौरान गहराई में जाकर डूब गया। साथी बच्चों ने मदद के लिए शोर मचाया, लेकिन जब तक इलाकाई दौड़े, वह गहरे पानी में समा गया। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कार्रवाई। देर रात गोताखोरों ने शव को बरामद कर लिया।

# अमेठी में पत्नी की हत्या, कुल्हाड़ी से गर्दन काटी

## थाने जाकर बोला- पत्नी को मार दिया है, लाश जाकर उठा लीजिए



मृतक प्रतिभा

**अमेठी।** अमेठी में पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या कर दी। पत्नी घर के बाहर लेटी थी। मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। पति ने पूछा किससे बात कर रही हो। इसको लेकर दोनों में झगड़ा हुआ। गुस्से में पति ने कुल्हाड़ी से पत्नी की गर्दन पर कई वॉर किया। इससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई।

इसके बाद पति थाने पहुंचकर पुलिसवालों से बोला- मैंने अपनी पत्नी को मार डाला है। लाश जाकर उठा लीजिए। पुलिस उसे लेकर उसके घर पहुंची। खून से लथपथ लाश बरामदे में पड़ी थी। उसे कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। घटना भादर रामगंज क्षेत्र के शिवपुर मवैया गांव की है।

### अब जानिए पूरा मामला...

मवैया गांव में प्रतिभा बनवासी (24) अपने पति ऋषि वर्मा के साथ रहती थी। दोनों ने 4 साल पहले लव मैरिज की थी। उनकी एक 3 साल की बेटी है। प्रतिभा 6 महीने से किसी से फोन पर बात करने लगी थी। इसको लेकर दोनों में अक्सर विवाद होता रहता था।

सोमवार दोपहर 3 बजे प्रतिभा घर के बाहर बरामदे में मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। इसी दौरान उसका पति वहां आ गया।

इस बात को लेकर दोनों में विवाद होने लगा। गुस्से में ऋषि कुल्हाड़ी लेकर आया और उसकी गर्दन पर ताबड़तोड़ वॉर किया।

# चुनाव अधिकारी/उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार के निर्देशन में पुटिंग ग्रीन सोसाइटी के आरडब्ल्यूए कार्यकारिणी चुनाव हुआ संपन्न

## डॉ मलिक ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी को दी बधाई, पूर्व अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद किया ज्ञापित



**ग्रेटर नोएडा ।** डीएम मनीष कुमार वर्मा द्वारा उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार को आरडब्ल्यूए कार्यकारिणी का गठन कराने के उद्देश्य से पुटिंग ग्रीन सोसाइटी, एनआरआई सिटी ग्रेटर नोएडा का निर्वाचन अधिकारी नामित किया गया था। निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार द्वारा पुटिंग ग्रीन सोसाइटी का विगत दिवस आरडब्ल्यूए कार्यकारिणी का चुनाव सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया में एन आर जिंदल को अध्यक्ष, शिवमणि रौशा(पिंटू) को उपाध्यक्ष, अभिषेक सिंह को सचिव तथा नीरज कुमार कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया।

चुनाव को संपन्न कराने में डॉक्टर एस के मालिक, पंकज, डीपी सिंह, हरि गोपाल गर्ग आदि सभी सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा। डॉक्टर मलिक द्वारा सभी निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी गई तथा पूर्व अध्यक्ष हरि गोपाल गर्ग द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# रेलवे स्क्रैप के नाम पर 14 लाख की ठगी

**लखनऊ।** लखनऊ में रेलवे स्क्रैप की डील के नाम पर एक व्यवसाई से 14 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। सतगुरु स्टील कंपनी के निदेशक गुरुबचन सिंह ने आशियाना थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

गुरुबचन सिंह का कहना है कि 21 मार्च को उनकी मुलाकात देवी माँ शक्ति कन्ट्रेक्शन एण्ड कन्सटैल्सी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक आयुष सिन्हा से हुई। यह मुलाकात आशियाना सेक्टर-जे स्थित आयुष के कार्यालय में हुई। आयुष ने रेल लाइन का स्क्रैप देने का वादा किया। इसके लिए एडवांस पेमेंट की मांग की। गुरुबचन ने 14 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। लेकिन इसके बाद न तो स्क्रैप मिला और न ही पैसे वापस मिले। जब गुरुबचन ने अपने पैसों की मांग की तो आयुष ने उन्हें धमकियां देनी शुरू कर दीं।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्ध नगर
मंगलवार 03 जून 2025
Www.vishalindia.in

## संक्षिप्त समाचार

### मस्क के करीबी जेरेड इसाकमैन का नामांकन वापस लेंगे ट्रंप, नासा प्रमुख बनाने का किया था एलान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जेरेड इसाकमैन का नामांकन वापस लेने जा रहे हैं। जेरेड इसाकमैन अरबपति कारोबारी हैं और एलन मस्क के करीबी माने जाते हैं। ट्रंप ने जेरेड इसाकमैन को नासा का प्रमुख बनाने का फैसला किया था। सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। हालांकि अभी तक व्हाइट हाउस और नासा की तरफ से इसे लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने बीते साल दिसंबर में ही जेरेड इसाकमैन को नासा का नया प्रमुख बनाने का एलान किया था। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल साइट पर साझा पोस्ट में लिखा, गहन समीक्षा के बाद, मैं नासा के प्रमुख के लिए जेरेड इसाकमैन के नामांकन को वापस ले रहा हूं। मैं जल्द ही एक नए उम्मीदवार की घोषणा करूंगा जो मिशन से जुड़ा होगा, और अंतरिक्ष में अमेरिका को प्राथमिकता देगा। गौरतलब है कि ट्रंप द्वारा मस्क के करीबी का नाम नासा प्रमुख के पद से वापस लेने का फैसला ऐसे समय किया गया है, जब हाल ही में मस्क ने भी ट्रंप सरकार में सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख का पद छोड़ दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के रिश्तों में दरार आ गई है। कई मुद्दों पर दोनों के बीच मतभेद हैं। ऐसे में इसाक का नामांकन वापस लेने के ट्रंप के फैसले के पीछे भी यही वजह हो सकती है। इसाक शिफ्ट4 नामक कंपनी के फाउंडर और सीईओ हैं। साल 2021 में मस्क की स्पेसएक्स की पहली चार्टर्ड फ्लाइट में इसाक ने अंतरिक्ष की यात्रा की थी, तब से ही दोनों के बीच अच्छी दोस्ती है। इसाकमैन करीब 1.9 अरब डॉलर की संपत्ति के मालिक हैं। इसाक की बीती 9 अप्रैल को सीनेट के सामने गवाही भी हुई थी और जल्द ही वे पुष्टि के लिए सीनेट के समक्ष पेश होने वाले थे। हालांकि अब उनका नामांकन वापस लेने की खबरें आ रही हैं।

### गाजा में यूएन के खाद्य ट्रकों पर टूटे फलस्तीनी, लूटी सामग्री ; सहायता केंद्र पर भगदड़ में 21 लोगों की मौत

**तेल अवीव, एजेंसी।** गाजा पट्टी में फलस्तीनियों ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के दर्जनों खाद्य ट्रकों को जबरन रोका और खाने का सामान लूट लिया। यूएन विश्व खाद्य कार्यक्रम ( यूएन डब्ल्यूएफपी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। वहीं रेड क्रॉस अस्पताल ने बताया कि इस्राइल समर्थित फाउंडेशन के केंद्र पर सहायता प्राप्त करने के दौरान भगदड़ में 21 लोगों की मौत हो गई। जबकि 175 अन्य लोग घायल हुए। इस्राइल और अमेरिका समर्थित संगठन ने सहायता वितरण केंद्र स्थापित किया है। लोगों ने बुधवार को केंद्र पर हमला कर दिया था। इस्राइल–हमास के बीच संघर्ष विराम की बातचीत आगे बढ़ रही है, लेकिन भूखे गाजावासियों को भूख मिटाने के सिवाय कुछ नहीं सूझ रहा। हथियारबंद लोगों ने रातों–रात गाजा पट्टी में प्रवेश कर रहे दर्जनों सहायता ट्रकों को अगवा कर लिया। इसमें उनके साथ सैकड़ों हताश फलीस्तीनी भी शामिल हो गए। डब्ल्यूएफपी ने कहा कि गाजा की मदद के लिए 77 ट्रक ले जाए जा रहे थे। इनमें अधिकतर में आटा भरा था। गाजा में लगभग तीन महीने की इस्राइली नाकाबंदी ने आबादी को अकाल के कगार पर पहुंचा दिया है।

### पाकिस्तान में संघीय सरकार से अफगान नीति समीक्षा की मांग

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की कैबिनेट ने एक प्रस्ताव पारित कर संघीय सरकार से अपनी अफगान नीति की समीक्षा करने का आह्वान किया है। इस प्रस्ताव में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की कैबिनेट ने क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए प्रांतीय अधिकारियों को पड़ोसी देश के साथ सीधी बातचीत करने की अनुमति देने की भी मांग की है।

### भारत ने नेपाल के अछाम में नवनिर्मित स्कूल भवन सौंपा

**संफेबागर नगर, एजेंसी।** नेपाल में भारतीय दूतावास ने अछाम जिले के लिए संफेबागर नगर पालिका का स्कूल भवन श्री महेंद्र माध्यमिक विद्यालय को सौंप दिया है। दूतावास के अनुसार, शनिवार को ललित बहादुर कुंवर, प्रमुख, जिला समन्वय समिति, अछाम, राजेंद्र बहादुर कुंवर, महापौर, संफेबागर नगर पालिका और सुमन शेखर, प्रथम सचिव, भारतीय दूतावास, काठमांडो द्वारा संयुक्त रूप से विद्यालय भवन को औपचारिक रूप से विद्यालय, अछाम के प्रबंधन को सौंप दिया गया।

### द. सूडान पर हथियार संबंधी प्रतिबंध की अवधि बढ़ाई गई

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी। सुरक्षा परिषद ने दक्षिण सूडान पर हथियार संबंधी प्रतिबंध की अवधि बढ़ाने के पक्ष में मतदान किया है। दक्षिण सूडान में बढ़ते राजनीतिक तनाव के कारण यूएन ने चेताया है कि देश फिर से गृहयुद्ध में फंस सकता है। हथियारों पर प्रतिबंध समेत अन्य प्रतिबंधों की अवधि बढ़ाने के लिए अमेरिका द्वारा प्रायोजित प्रस्ताव के समर्थन में नौ देशों ने मतदान किया जो प्रस्ताव पारित कराने के लिए कम संख्या है। रूस, चीन समेत 6 देश मतदान से बाहर रहे।

### मलयेशिया के अस्पताल से डिस्चार्ज हुए ब्रूनेई के सुल्तान

**कुआलालुम्पुर, एजेंसी।** थकान की शिकायत के बाद मलयेशिया के अस्पताल में भर्ती ब्रूनेई के सुल्तान हस्सानल बोलकिया अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए हैं। ब्रूनेई सुल्तान दुनिया के सबसे अमीर इंसानों में से एक हैं। वह बीते पांच दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। ब्रूनेई की सरकार ने शनिवार को बताया कि 78 वर्षीय सुल्तान अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद राजधानी कुआलालंपुर के एक होटल में ठहरे हैं।

# इजरायल को मिली बड़ी कामयाबी, हमास के टॉप लीडर मुहम्मद सिनुआर को एयर स्ट्राइक में मार गिराया



**येरूशलम, एजेंसी।** इजरायल ने इस बात की पुष्टि की है कि 13 मई को दक्षिण गाजा स्थित खान यूनिस के यूरोपीय अस्पताल के नीचे एक सुरंग में किए गए हवाई हमले में हमास का टॉप सैन्य नेता मुहम्मद सिनवार भी मारा गया। द टाइम्स ऑफ इजरायल ने यह जानकारी इजरायली रक्षा बल और शिन बेट (गुप्तचर एजेंसी) के हवाले से दी है। बयान के अनुसार, हमले में रफा ब्रिगेड का कमांडर मुहम्मद शबाना और दक्षिण खान यूनिस बटालियन का कमांडर महदी क़ुआरा भी मारा गया। आइडीएफ और शिन बेट ने कहा, ये आतंकवादी यूरोपीय अस्पताल के नीचे बने एक भूमिगत कमांड सेंटर में सक्रिय थे, जिससे उन्होंने आसपास की नागरिक आबादी को जानबूझकर खतरे में डाला। इससे तीन दिन पहले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी सिनवार की मौत की जानकारी दी थी। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, हमास और अरब अधिकारियों ने बताया था कि सिनवार और अन्य कमांडरों की यह बैठक संभावित संघर्षविराम और बंधक सौदे पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। इस बैठक की जानकारी मिलते ही इजरायली वायुसेना ने हमले की तैयारी शुरू कर दी। हालांकि शुरुआत में यह आशंका थी कि बंधक पास में हो सकते हैं, इसलिए हमले को टालने पर विचार किया गया। बाद में जब खुफिया सूत्रों से यह पुष्टि हुई कि वहां कोई बंधक मौजूद नहीं हैं, तब हमले की अनुमति दे दी गई। इसके बाद लड़ाकू विमानों से टारगेट को सफलतापूर्वक निशाना बनाया गया।

**कौन था मुहम्मद सिनवार :** मुहम्मद सिनवार हमास के शीर्ष सैन्य नेताओं में से एक था और याह्या सिनवार का छोटा भाई था, जो कि पहले गाजा में हमास का नेता रह चुका है। वह इजरायल की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल था और कई महीनों से उसकी तलाश जारी थी। अधिकारियों का कहना है कि बंधकों की रिहाई और संघर्षविराम पर बातचीत में सिनवार ने लगातार विरोध किया और प्रक्रिया में बाधा डाली थी। जुलाई 2024 में मुहम्मद दीफ की मौत के बाद सिनवार को हमास का सैन्य संचालन का नेतृत्व सौंपा गया था। उसी महीने तेहरान में इस्माइल हनिया की मौत के बाद याह्या सिनवार को हमास का सर्वोच्च नेता बनाया गया था। अक्टूबर 2024 में याह्या सिनवार की मौत के बाद, मुहम्मद सिनवार ने गाजा में हमास का नेतृत्व संभाला।

नागरिकों को बनाया था ढाल दरअसल, 14 मई को इजरायल ने कई बड़े हवाई हमले किए। इसी दौरान हमास प्रमुख के गंभीर रूप से घायल होने की खबरें सामने आई थीं। हालांकि इजरायली पीएम ने सिनवार के मारे जाने की बात कही थी। वहीं आईडीएफ और शिन बेट ने कहा है कि आतंकवादी यूरोपीय अस्पताल के नीचे बने भूमिगत कमांड सेंटर में सक्रिय थे। उन्होंन जान बूझकर आम नागरिकों को ढाल बनाया था और उसकी जान के खतरा पैदा किया था। इस हमले में रफा ब्रिगेड का कमांडर मुहम्मद शबाना और दक्षिण खान यूनिस बटालियन का महदी कुआरा भी मारा गया है।

**युद्धविराम समझौते में संशोधन की मांग :** बता दें कि अब हमास ने गाजा के लिए अमेरिका के नवीनतम युद्धविराम प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसमें संशोधन की मांग की है। हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अपनी पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया, कुछ बिंदुओं पर कुछ नोट्स और संशोधन हैं, विशेष रूप से अमेरिकी गारंटी, बंधकों की रिहाई का समय, सहायता की आपूर्ति और इजराइली सेना की वापसी पर। हमास के एक अलग बयान में कहा गया है कि प्रस्ताव का उद्देश्य स्थायी युद्ध विराम, गाजा से इजराइल की व्यापक वापसी और सहायता का सुनिश्चित प्रवाह है। बता दें कि इजरायली अधिकारियों ने लगभग 20 महीने से चल रहे युद्ध में अस्थायी युद्ध विराम के लिए अमेरिकी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वार्ताकार समझौते के करीब पहुंच चुके हैं।

# शरीफ बोले- चीन-सऊदी नहीं चाहते हम वहां भीख मांगने जाएं

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के दोस्त मुल्क नहीं चाहते हैं कि हम उनसे भीख मांगने जाए। यह बात उन्होंने क्वेटा में कमांड एंड स्टाफ कॉलेज में सैनिकों संबोधित करते हुए कही। शरीफ ने कहा- चीन, सऊदी अरब, तुर्किये, कतर,-श्व सब पाकिस्तान के भरोसेमंद दोस्त हैं। वे हमसे उम्मीद करते हैं कि हम उनके साथ ट्रेड, कॉमर्स, इनोवेशन, डेवलपमेंट, शिक्षा, स्वास्थ्य, और इन्वेस्टमेंट में शामिल हों। उन्होंने जोर देकर कहा- वे अब और नहीं चाहते कि हम उनके यहां भीख का कटोरा लेकर जाएं। शरीफ ने आगे कहा- आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मैं आखिरी इंसान हूं जो इस बोझ को अपने कंधों पर उठाना चाहता है। आखिर में बोझ इस देश के कंधों पर आता है। शरीफ ने कहा कि हमें नेचुरल रिसोर्सेज का पूरा इस्तेमाल करना चाहिए और उन्हें सही कामों में लगाना चाहिए।

**बलूचिस्तान कि दिक्कतों का बातचीत से हल करने की जरूरत :** क्वेटा में ही एक अन्य कार्यक्रम में शरीफ ने कहा कि बलूचिस्तान में आतंकवादियों ने जिन लोगों को भटकाया है उन्हें सही रास्ते पर लाना जरूरी है। आतंकवादियों को न तो जनता, न सरकार और न ही सेना बर्दाश्त करेगी। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान की दिक्कतों को बातचीत के जरिए हल करने की जरूरत है। अगर कोई चिंता है, तो भाइयों को एक साथ बैठकर उसे हल करना चाहिए। पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भी शुक्रवार को क्वेटा कमांड एंड स्टाफ कॉलेज में भाषण दिया था। इस दौरान उन्होंने कश्मीर विवाद के शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कश्मीर में भारत की तरफ से बनाए जा रहे हाइड्रो-पावर प्रोजेक्ट पर आपत्ति जताई थी। मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान को कभी भी दबाया नहीं जा सकता। सेना प्रमुख ने भारत के साथ संघर्ष के दौरान मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि अपने देश की रक्षा के लिए पाकिस्तानी लोग लोहे की दीवार बन गए। शहबाज शरीफ हाल ही में 25 से 29 मई तक तुर्किये, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान के दौरे से लौटे हैं।

## मैक्रों और उनकी पत्नी के बीच हुई झड़प पर रूसी प्रेस सचिव बोले- पत्नी थप्पड़ मारती है, तो इसके पीछे कारण होता है

मास्को, एजेंसी। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों के बीच हुई झड़प पर रूसी राष्ट्रपति के प्रेस सचिव दिमित्री पेसकोव ने कहा कि पारिवारिक झगड़े को सार्वजनिक नहीं करना चाहिए।

पेसकोव बोले- अगर पत्नी अपने पति को थप्पड़ मारती है, तो इसके पीछे आमतौर पर कोई कारण होता है। लेकिन हमें इसमें दखल नहीं देना चाहिए। दरअसल, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनकी पत्नी के बीच हुई झड़प का वीडियो वायरल हुआ था। मैक्रों 25 मई को वियतनाम दौरे पर पहुंचे थे। इसी दौरान हनोई के नोई बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी ने उनका मुंह पकड़कर धकेल दिया था। एसोसिएटेड प्रेस ने इस वीडियो को रिकॉर्ड किया है। इससे पहले ट्रम्प से फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों को दरवाजा बंद है या नहीं ये चेक कर लेने की सलाह दी थी।

# हाफिज सईद के आतंकी संगठन का दावा- 1971 का बदला ले लिया, हसीना को हटाने में भी हमारा हाथ

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड और प्रतिबंधित संगठन जमात-उद-दावा के प्रमुख हाफिज सईद के सरगनाओं ने दावा किया है कि उनके संगठन ने पिछले साल बांग्लादेश में हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों में भूमिका निभाई थी, जिसके चलते प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद छोड़ना पड़ा था। जेयूडी सरगना सैफुल्लाह कसूरी और संयुक्त राष्ट्र द्वारा आतंकवादी घोषित मुजम्मिल हाशमी ने ये दावे इस सप्ताह के शुरू में अपने भड़काऊ तकरीरों के दौरान किए।

कसूरी ने लाहौर से करीब 400 किलोमीटर दूर रहीम यार खान के इलाहाबाद में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए दावा किया, ''जब 1971 में पाकिस्तान का विभाजन हुआ था, तब मैं चार साल का था। तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने घोषणा की थी कि उन्होंने खलीज (बंगाल की खाड़ी) में दो-राष्ट्र सिद्धांत को डुबो दिया है। 10 मई को, मैंने... हमने 1971 का बदला ले लिया है।''

भारत ने हमारे साथी मुदस्सर के परखच्चे उड़ा दिए- आतंकी का कबूलनामा जेयूडी सरगना 1971 में बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) में हुए मुक्ति संग्राम का जिक्र कर रहा था। तब पाकिस्तान ने हार स्वीकार कर की थी और स्वतंत्रता सेनानियों और भारतीय सैनिकों से बनी मित्र सेनाओं के






समक्ष ढाका में बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया था। उसने यह भी कबूल किया कि उसके एक साथी मुदस्सर के शव के परखच्चे सात मई को मुरीदके (जेयूडी/एलईटी मुख्यालय) पर किए गए भारतीय हवाई हमले में उड़ गए थे। भारत ने यह हमला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में किया गया था। पहलगाम में 26 लोग मारे गए थे।

कसूरी ने कहा, ''मुझे उसके जनाजे में शिरकत करने की मंजूरी नहीं दी गई। उसके जनाजे के दिन मैं खूब रोया।'' उसने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि मुदस्सर के जनाजे में शामिल होने से किसने रोका। दूसरी ओर, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शीर्ष सैन्य, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने मुदस्सर और दो अन्य जेयूडी सदस्यों के जनाजे में हिस्सा लिया और इसकी तस्वीर सामने आई है। अगली पीढ़ी को जिहाद के लिए तैयार कर रहे- पाकिस्तानी आतंकी कसूरी ने कहा,''जब पहलगाम की घटना हुई, तब मैं अपने क्षेत्र में लोगों से मिल रहा था।

# फिर से पूर्वी पाकिस्तान बनने की राह पर बांग्लादेश?





**ढाका, एजेंसी।** 1971 में पाकिस्तान से आजाद हुआ बांग्लादेश आज एक बार फिर उसी दिशा में जाता दिख रहा है, जहां से उसने कभी अलगाव चुना था। 2024 के अगस्त में भड़की छात्र आंदोलनों से शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल ने प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया और इसके बाद सैन्य हस्तक्षेप ने बांग्लादेश की सत्ता व्यवस्था को हिला कर रख दिया। संकट की निर्णायक घड़ी तब आई जब सेनाध्यक्ष जनरल वाकर-उज-जमान ने सेना को शेख हसीना के कर्फ्यू आदेश न मानने के निर्देश दिए। इसके बाद सेना के समर्थन से नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस की अध्यक्षता में एक अंतरिम सरकार की स्थापना हुई। टाइम्स नाऊ ने अपनी एक रिपोर्ट में राजनीतिक विश्लेषकों से हवाले से कहा है कि यह घटनाक्रम 1999 में पाकिस्तान में हुए तख्तापलट से मेल खाते हैं। उस समय जनरल परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ की चुनी हुई सरकार को हटा दिया था। दोनों देशों में राजनीतिक अस्थिरता के समय सेना ने सत्ता अपने हाथ में ली थी। लोकतांत्रिक सरकारों को हटाकर सेना समर्थित अस्थायी सरकारों का गठन हुआ। यूनुस सरकार के खिलाफ देशभर में सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। सेना की राजनीति में बढ़ती भूमिका को लेकर लोग चिंतित हैं कि लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर हो रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं, जो धार्मिक असहिष्णुता और कट्टरता की ओर इशारा करते हैं। यह स्थिति 1971 के पहले के पाकिस्तान जैसी लग रही है, जिससे बांग्लादेश ने खुद को आजाद किया था। 53 साल में पहली सीधी समुद्री लिंक

2024 में पहली बार पाकिस्तान के कराची से एक कार्गो जहाज बांग्लादेश के चट्टोग्राम बंदरगाह पहुंचा। यह कदम दोनों देशों के बीच नए व्यापारिक रिश्तों की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों और स्थानीय पर्यवेक्षकों ने चेताया है कि यदि बांग्लादेश ने जल्द चुनावी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक शासन की वापसी का खाका नहीं पेश किया तो देश दीर्घकालिक सैन्य नियंत्रण में फंस सकता है। कुल मिलाकर बांग्लादेश के लिए यह एक नाजुक दौर है। जिस देश ने पाकिस्तान के सैन्य जुल्म से मुक्ति पाई थी, वही आज उसी रास्ते पर लौटता दिख रहा है। क्या बांग्लादेश लोकतंत्र को पुनः स्थापित कर पाएगा या इतिहास खुद को दोहराएगा – यह आने वाला समय बताएगा।

## रूस में भीषण हादसा, पुल के गिरने से यात्री ट्रेन के डिब्बे पटरी से उतरे, 7 की मौत और 30 गंभीर रूप से घायल





**मास्को, एजेंसी।** रूस में भीषण ट्रेन हादसा हुआ है। पश्चिमी रूस के ब्रायंस्क क्षेत्र में शनिवार देर रात एक पुल ढहने के बाद एक यात्री ट्रेन पटरी से उतर गई। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। करीब 30 लोग घायल हुए हैं। रूसी अधिकारियों ने इस ट्रेन हादसे के लिए अवैध हस्तक्षेप को जिम्मेदार ठहराया है। पश्चिमी रूस में यह ट्रेन हादसा ब्रायंस्क क्षेत्र में हुआ है, जो यूक्रेन की सीमा से सटा हुआ है। साल 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर किए गए हमलों के बाद से इस एरिया में तनाव बढ़ा हुआ है। मॉस्को रेलवे के अनुसार, पुल परिवहन कार्यों में अवैध हस्तक्षेप के चलते ये गिर गया। पुल के गिरने से ट्रेन भी चपेट में आ गई। रोसावटोडोर ने पुष्टि की है कि पुल उस रेलवे लाइन के ऊपर से गुजरा था, जिस पर ट्रेन चल रही थी। अचानक पुल के ढहने से कंक्रीट के बड़े-बड़े टुकड़े पटरियों पर गिर पड़े, जो सीधे आने वाली ट्रेन के रास्ते में आ गए। ट्रेन पटरी से पलट गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आ रही तस्वीरों और वीडियो में मलबे से भरे दृश्य में ट्रेन के डिब्बे टूटे हुए और बिखरे हुए दिखाई दे रहे हैं। कुछ सोशल मीडिया वीडियो में पुल ढहने के दौरान का भयावह क्षण को कैद किया गया है, इसमें पुल के ढहने से गाड़ियां बाल-बाल बचीं हैं। ब्रायंस्क के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज़ ने हताहतों की संख्या की पुष्टि की और कहा कि घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं। बोगोमाज़ ने कहा कि पीड़ितों को सभी जरूरी सहायता प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। साथ ही कहा कि आपातकालीन सेवाएं और स्थानीय अधिकारी घटनास्थल पर काम कर रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ब्रायांस्क के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज के साथ एक वीडियो मीटिंग में घटना की जानकारी ली। गवर्नर ने टेलीग्राम पर लिखा, पुल गिरने से 7 लोगों की मौत हुई है। 30 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 2 बच्चे शामिल हैं। सरकारी अधिकारियों द्वारा जारी तस्वीरों में ट्रेन के डिब्बे बुरी तरह क्षतिग्रस्त दिखाई दिए, जिनके चारों ओर पुल के मलबे फैले थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में ट्रेन पटरी से उतरकर सड़क पर गिरी हुई नजर आ रही है। मौके पर आपातकालीन बचाव टीमें और आम लोग सहायता करते दिखे।

# पेरिस में पीएसजी चैंपियंस लीग की जीत के जश्न में व्यापक हिंसा, सड़कों भीषण आगजनी और उत्पात; 81 लोग गिरफ्तार



**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में पीएसजी की चैंपियंस लीग जीत का जश्न मना रहे प्रशंसकों के बीच अचानक हिंसा फैल गई। इससे खेल के मैदान से लेकर सड़कों तक बड़ी हिंसा, आगजनी और मारपीट देखने को मिली। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार इस घटना में अबतक कम से कम 81 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पेरिस में चैंप्स-एलिसीज़ में खेल देखने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई थी। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को आंसू गैस और मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल करना पड़ा।

शहर में कई जगह हिंसक झड़पों का दौर जारी है। यह हिंसा उस वक्त शुरू हुई, जब बड़ी संख्या में प्रशंसक पीएसजी की इंटर मिलान पर चैंपियंस लीग फाइनल में जीत देखने के लिए जमा हुए थे। क्लब का पार्स दे प्रिंसेस स्टेडियम उस रात एक फैन ज़ोन में बदल गया था, जहां म्यूनिख में खेले गए इस मैच को दिखाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 48,000 लोग शामिल हुए थे। सोशल मीडिया पर सामने आई वीडियो में पुलिस को डंडों से लैस होकर लोगों से भिड़ते हुए देखा गया है, जहां हजारों प्रशंसक एकत्रित हुए थे।

**स्टेडियम के पास भी आगजनी :** रिपोर्ट के अनुसार फ्रांसीसी राजधानी में स्टेडियम के पास कई जगहों पर आगजनी की घटनाएं हुईं। दमकल विभाग को कई स्थानों पर आग पर काबू पाने के लिए भेजा गया।

**फ्रांस के आंतरिक मंत्री ब्रूनो रेटायो ने सोशल मीडिया पर लिखा संदेश :** फ्रांस के आंतरिक मंत्री ब्रूनो रेटायो ने सोशल मीडिया पर लिखे एक संदेश में कहा,सच्चे पीएसजी प्रशंसक अपनी टीम के शानदार प्रदर्शन को लेकर उत्साहित हैं। वहीं कुछ बर्बर लोग पेरिस की सड़कों पर अपराध करने और कानून व्यवस्था को चुनौती देने निकले हैं। मैंने आंतरिक सुरक्षा बलों से इन अत्याचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। मैं पुलिस प्रमुख और सभी पुलिसकर्मियों को अपना समर्थन देता हूं जो आज रात सभी की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। यह असहनीय है कि जश्न मनाने में भी कुछ गुंडों की बर्बरता का डर होता है, जो किसी भी चीज़ का सम्मान नहीं करते।

**5400 पुलिसकर्मियों की थी तैनाती :** बता दें कि मैच के बाद के उत्सवों को देखते हुए पूरे शहर में लगभग 5,400 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। शांज़ एलिज़े क्षेत्र में अधिकारियों ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए आंसू गैस और पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया। एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, पार्स दे प्रिंसेस के पास एक कार को आग लगा दी गई थी और मैच समाप्त होने तक दर्जनों गिरफ्तारियां हो चुकी थीं। आर्क दे ट्रायम्फ के आसपास का यातायात दोपहर से ही बंद कर दिया गया था और शनिवार शाम को शांज़ एलिज़े और आस-पास की सड़कों को भी बंद कर दिया गया। बिल्ड ने बताया कि इससे पहले म्यूनिख में पीएसजी और इंटर मिलान के समर्थकों ने फाइनल के लिए एलियांस एरेना की यात्रा करते समय फ्रॉटमैनिंग स्टेशन पर एक-दूसरे पर पत्थर फेंके। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ प्रशंसकों ने रेल की पटरियों पर चढ़कर यातायात में भी बाधा डाली।

# आईपीएल खिताब जीतने आज आरसीबी और पंजाब किंग्स में होगा मुकाबला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। दोनो ही टीमें इस मुकाबले को जीतकर खिताब अपने नाम करना चाहेंगी। दोनो ही टीमों ने अब तक ये खिताब नहीं जीता है जिससे दोनो के ही प्रशंसकों को उम्मीद है कि उनकी टीमें जीतेंगी। इससे भी टीमों पर दबाव होगा। आसीबी जहां चौथी बार फाइनल में पहुंची है, वहीं पंजाब की टीम दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। ऐसे में दोनो ही टीमों का लक्ष्य इसे जीतकर 18 साल के खिताब के इंतजार को समाप्त करना होगा। सभी की नजरें इस मैच में आरसीबी के अनभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरुआत से ही टीम से जुड़े होने के बाद भी एक बार टीम को जीत नहीं दिला पाये। वह लंबे समय तक टीम के कप्तान भी रहे हैं। वहीं अब आरबीबी की कप्तानी युवा रजत पाटीदार कर रहे हैं और ऐसे में टीम की किस्मत बदल सकती है।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल मुकाबले में कोहली का समर्थन उनका उत्साह बढ़ाने के लिए 18 नंबर की जर्सी पहने नजर आ सकते हैं। आरसीबी ने इस सत्र में शुरुआत से ही अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और अब टीम अपने इसी प्रदर्शन को दोहराने के लिए उतरेगी। कोहली ने इस सत्र मे 614 रन बनाये हैं। वह इस साल आसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे हैं।। इस बार उन्हें अन्य खिलाड़ियों का भी अच्छा साथ मिला जिससे भी अंतर पैदा हुआ है। इस सत्र में कोहली के अलावा फिल साल्ट ने भी आरसीबी की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं मयंक अग्रवाल, कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है। टिम डेविड चोटिल होने के कारण पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए, अब देखना बाकी है कि वह इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। उन्होंने रोमारियो शेफर्ड के साथ मिलकर डेथ ओवरों में अहम भूमिका निभाई है। वहीं जोश हेजलवुड की वापसी से भी टीम की गेंदबाजी मजबूत हुई है। हेजलवुड ने अब तक 21 विकेट लिए हैं। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अभी चौथे स्थान पर है।

वहीं दूसरी ओर मुल्लांपुर में अपने घरेलू मैदान पर पहले क्वालीफायर में आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स की टीम जीत की प्रबल दावेदार है। उसने दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया। उसने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर एक दशक बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया है। 10 टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है।




अय्यर ने अब तक 603 रन बनाये हैं। उनकी कप्तानी में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स खिताब जीती थी और अब वह पंजाब को खिताब जिताना चाहेंगे। इस तरह से लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं को बताता है। इससे अंदाजा होता है वह अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से प्रबंधित करते हैं। अय्यर टूर्नामेंट के 18 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व करते हुए उन्हें फाइनल में पहुंचाया है।

टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी संतुलित है। प्रभसिमरन सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह जैसे अच्छे बल्लेबाज पंजाब किंग्स के पास हैं, जिससे वह अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रख सकते हैं और विरोधी खेमे पर आक्रामक खेल से दबाव बना सकते हैं हालांकि मार्को यानसन के बिना पंजाब की गेंदबाजी कुछ कमजोर हुई है पर टीम के पास अर्शदीप सिंह जैसा अच्छा गेंदबाज है। मुंबई इंडियंस पर उसके गेंदबाजों ने अच्छा अंकुश लगाया था। है। उसके स्पिनर युजवेंद्र चहल दूसरे क्वालीफायर में अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे पर इस मैच में वह टीम को जीत दिलाने पूरा प्रयास करेंगे।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, फिल साल्ट (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लियाम लिविंगस्टोन, क्रुणाल पंड्या, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, मनोज भंडागे, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, सुयश शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी, यश दयाल।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे, काइल जैमीसन।

# राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप: श्रीहरि नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकाला




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने 20वीं सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता।

तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में 1¬48¬66 सेकंड का समय निकालकर सजन प्रकाश के 2021 में निकाले गए 1¬49.73 सेकंड के समय को पीछे छोड़ा।

नटराज ने इससे पहले 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीता था। तैराकी में किसी समय को राष्ट्रीय रिकार्ड तभी माना जाता है जब उसे राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में हासिल किया गया हो। इसलिए अन्य प्रतियोगिताओं में दर्ज समय को सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय कहा जाता है।

# विराट कोहली मुसीबत में फंसे, पब और रेस्तरां पर पुलिस ने की कार्रवाई, दर्ज हुआ मामला




**स्पोर्ट्स डेस्क ।** विराट कोहली के स्वामित्व वाले बेंगलुरु स्थित पब और रेस्तरां वन8 कम्यून को धूम्रपान क्षेत्र निर्धारित न होने के कारण पुलिस ने मामला दर्ज किया है। कब्बन पार्क पुलिस ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (COTPA) के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए रेस्तरां के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया है। रेस्तरां के भीतर धूम्रपान के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र न होने के कारण पब पर ष्टह्रञ्जक्क की धारा 4 और 21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। ये धाराएं होटल, रेस्तरां और हवाई अड्डों जैसे कुछ स्थानों पर निर्दिष्ट धूम्रपान क्षेत्र की अनुमति देती हैं। मामला शनिवार है जिसमें सार्वजनिक धूम्रपान मानदंडों को लागू करने के लिए बेंगलुरु सिटी पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई कर्नाटक सरकार द्वारा हुक्का बार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और तंबाकू उत्पाद खरीदने की कानूनी उम्र 18 से बढ़ाकर 21 वर्ष करने के ठीक एक दिन बाद की गई है। राज्य सरकार के सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद संशोधन अधिनियम, 2024 को हाल ही में राष्ट्रपति की मंजूरी मिली है। यह पहली बार नहीं है जब वन8 कम्यून कानूनी मुसीबत में फंसा है। पिछले साल जून में पब और रेस्तरां के खिलाफ निर्धारित समय से अधिक संचालन करने के लिए मामला दर्ज किया गया था। उसके बाद दिसंबर में ब्रुहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने अग्नि सुरक्षा उल्लंघन और अग्निशमन विभाग से मंजूरी प्रमाण पत्र की कमी का आरोप लगाने वाली शिकायत के आधार पर प्रतिष्ठान को नोटिस जारी किया।

# राजीव शुक्ला को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी, बन सकते हैं बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष

**मुम्बई (एजेंसी)।** रोजर बिन्नी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला क्रिकेट निकाय के कार्यवाहक अध्यक्ष बनेंगे। शुक्ला जुलाई से तीन महीने के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष बनेंगे। सूत्रों ने कहा कि सितंबर में होने वाली वार्षिक आम बैठक के साथ वह पूर्णकालिक अध्यक्ष पद के लिए चुनावों में प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।



रोजर बिन्नी को 2022 में बीसीसीआई अध्यक्ष चुना गया था और उन्होंने सौरव गांगुली की जगह ली थी। उस समय 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य बिन्नी नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे। बिन्नी के अध्यक्ष पद के दौरान भारत ने दो व्हाइट-बॉल खिताब जीते, आईसीसी टी 20 विश्व कप 2024 और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025। उन्होंने महिला प्रीमियर लीग की भी शुरुआत की, जो बेहद सफल आईपीएल की तर्ज पर एक महिला फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग है। उनके राष्ट्रपति पद के दौरान ही घरेलू क्रिकेट को बेहतर प्रोत्साहन, वेतन और वरिष्ठ खिलाड़ियों को घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेने की सुविधा देकर उसे उचित रूप से मजबूत करने और प्राथमिकता देने से संबंधित कई कदम उठाए गए।

बॉलिंग ऑलराउंडर बिन्नी ने 27 टेस्ट मैचों और 72 वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने टेस्ट मैचों में 47 विकेट लिए और पांच अर्धशतकों के साथ 830 रन बनाए। 72 वनडे मैचों में उन्होंने 77 विकेट लिए और एक अर्धशतक के साथ 629 रन बनाए। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने टेस्ट मैचों में 47 विकेट लिए जबकि वनडे में 77 विकेट लिए। भारत की पहली विश्व कप जीत में उनका अहम योगदान था, 1983 विश्व कप में 18 विकेट लेकर वे भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। बिन्नी इससे पहले बीसीसीआई चयन समिति के सदस्य रह चुके हैं।

# नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट : विश्व चैंपियन डी गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को हराकर चुकता किया बदला




स्टावेंजर ।मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर उनसे पहली बाजी में मिली हार का बदला चुकता कर दिया ।भारतीय खिलाड़ी की यह नार्वे के दिग्गज खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल शतरंज में पहली जीत है। रविवार की इस जीत से 19 वर्षीय गुकेश 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह अब संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज कार्लसन और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से केवल एक अंक पीछे हैं। प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी चीन के वेई यी के खिलाफ आर्मागेडन टाई–ब्रेक में जीत के बाद 7.5 अंकों के साथ हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इस टूर्नामेंट में लगभग सभी छह खिलाड़ियों के पास प्रतिष्ठित खिताब जीतने का मौका है। महिला वर्ग में आर वैशाली ने आर्मागेडन टाई–ब्रेक में कोनेरू हम्पी को हराया।

# अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पहुंचे आवेश खान



अजमेर । तेज गेंदबाज आवेश खान अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पहुंचे। उन्होंने अपने माता–पिता और रिश्तेदारों के साथ दरगाह में चादर और फूल चढ़ाकर जियारत की और देश, टीम और अपने करियर के लिए दुआ मांगी। दरगाह पहुंचने पर खादिम सैयद असगर अली हाशमी ने उन्हें जियारत करवाई और दस्तारबंदी कर तबरुख भेंट किया। इस दौरान आवेश ने कहा, जब भी कोई बड़ा मैच या टूर्नामेंट होता है, मैं उससे पहले और बाद में अजमेर शरीफ में हाजिरी देता हूं। इससे आत्मिक शांति मिलती है और खेल में ऊर्जा आती है। उन्होंने कहा, मैदान पर मेरा मकसद सिर्फ इतना होता है कि मैं देश के लिए अपना 100 प्रतिशत दूं और करोड़ों भारतीयों को मुझ पर गर्व हो। उन्होंने दरगाह में करीब एक घंटे से अधिक समय बिताया और परिवार के साथ दरगाह की गलियों और परिसर में सुकून के पल गुजारे।

# मैक्सवेल ने एकदिवसीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अब वह अपना ध्यान टी20ई पर केंद्रित करेंगे, विश्व कप 2026 में होना है।

मैक्सवेल ने अंतिम बार कदिवसीय अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंट की बात करें तो इस साल चैंपियंस ट्रॉफी खेला था। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वह आईपीएल 2025 में उतरे लेकिन चोट के कारण कुछ ही मैचों के बाद बाहर हो गये थे।

2012 में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले मैक्सवेल दो बार विश्वकप विजेता टीम के सदस्य रहे हैं। उन्होंने अपने करियर के दौरान 149 एकदिवसीय मैचों में 4000 रन बनाए हैं।



वहीं 79 विकेट लिए हैं। मैक्सवेल बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में ही समान रुप से प्रभावी रहे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ 2023 विश्व में में उन्होंने कठिन हालातों में दोहरा शतक लगाया था। मैक्सवेल ने अपने संन्यास को लेकर मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली को भी पहले ही जानकारी दे दी थी। फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान मैक्सवेल ने कहा था कि वह 2027 एकदिवसीय विश्व कप तक नहीं खेल पाएंगे ऐसे में उनके लिए आगे खेलना बेकार है। मैक्सवेल ने कहा, मैंने उसी समय उनसे कह दिया था कि मुझे नहीं लगता कि मैं 2027 एकदिवसयी विश्व कप में खेल सकूंगा।

मैक्सवेल ने कहा कि अब समय आ गया है कि वह युवाओं को अवसर दे ताकि भविष्य के लिए टीम तैयार हो सके। साथ ही कहा कि अब मेरी जगह पर उन युवाओं के लिए योजना बनाई जाए जिन्हें 2027 विश्व कप के लिए स्थान मिलेगा। मैक्सवेल ने अपने करियर के दौरान 3990 रन, 4 शतक और 23 अर्धशतकों के साथ बनाए हैं। वहीं 201 रन उनका सबसे अधिक स्कोर है।

# पाक के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर पर भड़के नौमान



कराची ।अपने विवादास्पद बयानों के लिए सुर्खियों में रहने वाले पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर की मुश्किलें बढ़ सकती है। शोएब पर पाक के जाने–माने क्रिकेट इतिहासकार और लेखक डॉ. नौमान नियाज ने अपमानजनक टिप्पणी के लिए कानूनी कार्रवाई शुरु करते हुए नोटिस भेजा है। पाक के सरकारी स्वामित्व वाले पाकिस्तान टेलीविजन नेटवर्क (पीटीवी) के पूर्व खेल निदेशक डॉ. नियाज के वकील ने यह नोटिस भेजा है। उनका आरोप है कि शोएब ने उन्हें सामान ढोने वाला व्यक्ति करार दिया था। उनके पाकिस्तान टीम के साथ कार्यकाल के दौरान उन्हें 'किट मैन बताया था। शोए ने कहा कि डॉ. नियाज मूल रूप से टीम में हमारे लिए बैग और सामान ढोते थे। गौरतब है कि अख्तर जब पाकिस्तान टीम के खेलते थे तब डॉ. नियाज ने कुछ दौरों पर पाकिस्तान टीम के डेटा विश्लेषक के रूप में भी काम किया था। अख्तर ने टीम में कोचों और प्रबंधकों की भूमिका की का मजाक उड़ाते हुए कहा कि नियाज खिलाड़ियों के बैग ढोने के लिए टीम में थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने टीम में यही काम किया। मुझे उनके किसी और काम के बारे में जानकारी नहीं है। वहीं नियाज के वकील ने इस नोटिस में 14 दिन के भीतर बिना शर्त माफी मांगने की शीर्त रखी है। वहीं ऐसा नहीं करने पर उन्हें कानूनी कार्रवाई और हर्जाने का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा है। इन दोनों के बीच पहले भी विवाद रहा है। इमरान खान की सरकार के समय में डॉ. नियाज ने मामूली विवाद के बाद अख्तर को लाइव शो छोड़ने के लिए कहा था हालांकि उन्होंने बाद में इस तेज गेंदबाज से माफी मांग ली थी।

# सूर्यकुमार ने आईपीएल में डिविलियर्स का रिकार्ड तोड़ा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** मुम्बई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल में एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। सूर्या इस सत्र में ऐसे बल्लेबाज के रूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं जो ओपनर के तौर के तौर पर न उतरा हो। सूर्यकुमार ने इस सत्र में 691 रन बनाए हैं। इसके साथ ही उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी के पूर्व स्टार एबी डिविलियर्स के साल 2016 के रिकॉर्ड 687 रन को पीछे छोड़ दिया। इस सूची में तीसरे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स के ऋषभ पंत हैं, जिन्होंने साल 2018 में 684 रन बनाए थे, जबकि चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के केन विलियमसन 2018 में 622 रन और पांचवें स्थान पर सूर्यकुमार यादव ही हैं, जिन्होंने 2023 में 605 रन बनाए थे।

सूर्यकुमार के इस रिकार्ड से उनकी विस्फोटक और अनोखी बल्लेबाजी शैली साबित हुई है। मुंबई इंडियंस के लिए मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए, उन्होंने अपनी 360 डिग्री शॉट-खेले औ दबाव में रन बनाने बनाये हैं। ये सत्र उनके करियर का सबसे रहा जिसमें उनकी निरंतरता और बड़े स्कोर बनाने का जुनून दिखा। सूर्यकुमार ने तेज गति से रन बनाए, जिसमें कई अर्धशतक और एक शतक भी शामिल रहा, जिसने उनकी टीम को कई अहम जीत मिली। यह रिकॉर्ड इसलिए भी खास है क्योंकि सलामी बल्लेबाजों के अलावा अन्य बल्लेबाजों को कम गेंदें खेलने को मिलती हैं।डिविलियर्स का 2016 का प्रदर्शन लंबे समय तक बना रहा। पर इस बार सूर्यकुमार ने इसे मामूली अंतर से तोड़ दिया।



# आईपीएल के इस सत्र में लगे सबसे अधिक 1271 छक्के

मुम्बई ।आईपीएल के इस 18 वें सत्र में जमकर छक्के लगे हैं। इस सत्र में अब तक 1271 छक्के लगे हैं। इसी के साथ अब तक 1260 छक्कों का इतिहास आईपीएल 2014 का रिकार्ड टूट गया। वहीं साल 2023 आईपीएल में 1124 छक्के लगे थे। एक आईपीएल सत्र में हजार से अधिक छक्के लगाने का कारनामा कुल चार बार हुआ है। आईपीएल के पहले सत्र में कुल 622 छक्के लगे थे। एक सत्र में हजार सिक्स का आंकड़ा पहली बार आईपीएल 2022 में पहुंचा था। 15वें सत्र में खिलाड़ियों ने 1062 छक्के लगे थे। आईपीएल 2025 में श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब टीम का जवाब नहीं है। पंजाब ने सत्र में सबसे ज्यादा 159 छक्के लगाये हैं। उसके बाद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) है, जिसने 152 छक्के लगाये हैं। एलएसजी लीग चरण से ही बाहर हो गई थी। वहीं, आईपीएल 2025 में सर्वाधिक छक्के मारने वाले खिलाड़ियों की सूची में फिलहाल एलएसजी के निकोलस पूरन शीर्ष पर हैं। पूरन ने 14 मैचों में 40 छक्के लगाये हैं। वहीं दूसरे स्थान पर श्रेयस हैं। उन्होंने 16 मैचों में 39 छक्के लगाये हैं। अय्यर ने मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ क्वालीफायर–2 में बेहतरीन पारी खेली। उन्होंने 41 गेंदों में नाबाद 87 रन बना, जिसमें पांच चौके और 8 छक्के शामिल थे। श्रेयस की पारी के बल पर पंजाब ने 204 रनों का लक्ष्य 6 गेंद पहले ही हासिल कर लिया।



# हेनरिक क्लासेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास, कहा- यह मेरे लिए दुखद दिन है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से अब वह अपने परिवार के साथ अधिक समय बिता सकेंगे। क्लासेन ने इससे पहले टेस्ट से संन्यास ले लिया था, जहां उन्होंने सिर्फ चार मैच खेले थे। इसके बाद उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए सफेद गेंद वाले क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित किया था। उन्होंने आखिरी बार 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हार के दौरान अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था।

संन्यास के बाद उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए दुखद दिन है क्योंकि मैं घोषणा करता हूं कि मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहने का फैसला किया है। भविष्य के लिए मेरे और मेरे परिवार के लिए सबसे अच्छा क्या है, यह तय करने में मुझे काफी समय लगा। यह वास्तव में बहुत कठिन निर्णय था, लेकिन यह ऐसा निर्णय भी है जिससे मैं पूरी तरह संतुष्ट हूं। पहले दिन से ही अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान था और यह वह सब कुछ था जिसके लिए मैंने एक युवा लड़के के रूप में काम किया था और जिसका मैंने सपना देखा था। प्रोटियाज बैज के साथ खेलना मेरे करियर का सबसे बड़ा सम्मान था और हमेशा रहेगा।'

क्लासेन ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'मैं अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि यह निर्णय मुझे ऐसा करने की अनुमति देगा। मैं हमेशा एक बड़ा प्रोटियाज समर्थक रहूंगा और मेरे करियर के दौरान मेरा और मेरे साथियों का समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहूंगा।'

33 वर्षीय क्लासेन ने 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और दक्षिण अफ्रीका के लिए 60 वनडे और 58 टी20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने क्रमशः 2141 और 1000 रन बनाए। उन्होंने वनडे में चार शतक और 11 अर्द्धशतक लगाए, जबकि क्लासेन के नाम पांच टी20 अर्धशतक हैं।

मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में अपने जुझारू छक्के के लिए जाने जाने वाले क्लासेन 2024 पुरुष टी20 विश्व कप में उपविजेता रहने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम के सदस्य भी थे। उन्होंने कहा, 'मैंने बेहतरीन दोस्ती और रिश्ते बनाए हैं, जिन्हें मैं जीवन भर संजोकर रखूंगा। प्रोटियाज के लिए खेलने से मुझे महान लोगों से मिलने का मौका मिला, जिन्होंने मेरी जिंदगी बदल दी और मैं उन लोगों को जितना भी धन्यवाद दूं कम है। प्रोटियाज की जर्सी पहनने का मेरा सफर बाकी लोगों से अलग था और मेरे करियर में कुछ ऐसे कोच थे, जिन्होंने मुझ पर भरोसा बनाए रखा मैं उनका हमेशा आभारी रहूंगा।'





## रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ ही 85.40 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह विदेशी मुद्रा के कमजोर होने से रुपया को शुरुआती कारोबार में 12 पैसे मजबूत होकर 85.43 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की आगामी मौद्रिक नीति में प्रमुख ब्याज दर में और कटौती की उम्मीदों से भी घरेलू मुद्रा को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि अस्थिर शेयर बाजार, विदेशी पूंजी की निकासी तथा वैश्विक व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से भारतीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.55 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में बढ़त के साथ 85.43 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.55 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 फीसदी की गिरावट के साथ 99.21 पर रहा।

## सरकारी कंपनियों का मुनाफा बढ़ा

**नई दिल्ली।**

भारत की सरकारी कंपनियों ने पिछले वित्तवर्ष में बैंक, वित्तीय और तेल–गैस क्षेत्र में बंपर मुनाफा कमाया है, परंतु इस वर्ष इसमें गिरावट आई है। इन कंपनियों ने अपने निवेशकों और सरकार को डिविडेंड भी दिया है, लेकिन 2024–25 में इसका प्रतिशत कम हो गया है। सरकारी कंपनियों का 2025 में शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने से भारत सरकार को कुल 82,995 करोड़ रुपये का लाभ मिलेगा। यह पिछले वर्ष से लगभग एक फीसदी कम है। मुख्य कारण इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया जैसी 15 सरकारी कंपनियों के कम भुगतान का है।

## यश बैंक ने 10 से 12 प्रतिशत की वृद्धि लक्ष्य निर्धारित किया

**नई दिल्ली।**

तकनीक और वितरण क्षमता मजबूत करने के लिए ध्यान केंद्रित करने पर यस बैंक ने वित्त वर्ष 2026 में वृद्धि दर को तेज करने की योजना बनाई है। यह नीति अनुशासित तरीके से लागू की जाएगी। बैंक ने 10 से 12 प्रतिशत की वृद्धि लक्ष्य निर्धारित किया है जिसका मुख्य उद्देश्य वितरण को बेहतर बनाना और बाजार की बारीकी से निगरानी रखना है। यह योजना यस बैंक के खुदरा कारोबार को मजबूत करने के लिए कदम उठाएगी। बैंक के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने वर्ष 2025 के साथ एक साक्षात्कार में बातचीत किए और बताया कि बैंक विशेष ध्यान देकर एक मजबूत खुदरा फ्रैंचाइजी बनाने का लक्ष्य रखता है। कहा गया कि अगले वर्ष का लक्ष्य मध्यम वृद्धि होगा और बैंक वितरण पर काम करेगा। उन्होंने कहा कि हम अपने उत्पाद का कवरेज बढ़ाना चाहते हैं और खुदरा कारोबार में वृद्धि करना चाहते हैं। यस बैंक का खुदरा कारोबार सालाना आधार पर 1.01 लाख करोड़ रुपये रह गया था। इस श्रेणी में एसएमई, मिड कॉर्पोरेट और कॉर्पोरेट ऋण सभी विभागों ने सालाना बृ्यिों दर से वृद्धि की थी।

# अब केवल सॉफ्टवेयर इंजीनियर होना ही काफी नहीं: एआई विशेषज्ञ

### मझोले स्तर के मैनेजरों की नौकरियां खतरे में

**नई दिल्ली।**

अब केवल सॉफ्टवेयर इंजीनियर होना ही काफी नहीं है। यह बात आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) विशेषज्ञ ने पिछले दिनों बेंगलूरु में आयोजित एक बैठक में कही। उन्होंने अगली पीढ़ी के कौशल के बारे में सोचने के महत्त्व को समझाते हुए कहा कि अपने कौशल को निखारें। विश्लेषकों का मानना है कि एआई के दौर में कौशल को बेहतर करने के लिए हो रही तमाम बातों के बीच प्रौद्योगिकी क्षेत्र में मझोले स्तर के मैनजर नाजुक स्थिति में दिख रहे हैं। उन्होंने 'कहा` कि आगे मझोले स्तर के प्रबंधन की नौकरियां जांच के दायरे में आ सकती है। ऐसा खास तौर पर तब दिखेगा जब एआई एजेंट निगरानी एवं निर्णय लेने में बेहतर होते जाएंगे। ऐसे में प्रौद्योगिकी क्षेत्र में बड़ी तादाद में मझोले स्तर के मैनेजरों को नए सिरे से कुशल बनाने अथवा किसी नए काम पर लगाने की जरूरत होगी अन्यथा वे बेकार हो जाएंगे। यह भी एक तथ्य है कि स्वचालन एवं एआई के कारण न केवल प्रवेश स्तर की नौकरियां प्रभावित होंगी बल्कि अनुभव वाले पदों पर भी उसका असर दिख सकता है। इससे काफी अनिश्चितता पैदा हो गई है और लोग खुद को नए सिरे से कुशल बनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। उद्योग के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार करीब 20 साल के अनुभव वाले मझोले स्तर के मैनेजरों की नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। उनका कहना है कि इन पदों पर बैठे लोगों को केवल मैनेजर ही नहीं बने रहना चाहिए बल्कि एआई की दुनिया में नई तकनीकी विशेषज्ञता हासिल करनी चाहिए।

## मारुति सुजुकी की बिक्री मई में बढ़कर 1,80,077 इकाई हुई

**मुंबई।**

मारुति सुजुकी इंडिया ने मई महीने में अपनी कुल वाहन बिक्री को सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़ाकर 1,80,077 इकाई तक पहुंचाया है। यह बिक्री वृद्धि आर्थिक संकट के बीच एक उज्जवल संकेत है। ग्रैंड विटारा, ब्रेजा, जिम्नी, एक्सएल6 जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री मई में 54,899 इकाई पहुंच गई, जो मई 2024 में 54,204 इकाई थी। वहीं ईको वैन की बिक्री भी सालाना आधार पर 10,960 इकाई से बढ़कर 12,327 इकाई हो गई। मारुति सुजुकी इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि छोटी कारों में आए घाटे की वजह से कंपनी की बिक्री में कुचलाव आया है। एक साल पहले घरेलू यात्री वाहन की बिक्री में वृद्धि होते हुए इस माह की बिक्री में 6 प्रतिशत की कमी आई है। कॉम्पैक्ट कारों की भी बिक्री मई 2024 में 68,206 इकाई की तुलना में घटकर 61,502 इकाई रही है। इसमें बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर शामिल हैं। मारुति सुजुकी इंडिया अपनी नई यातायात वाहनों के लिए नए बाजार और संगठनों में अपनी अवधारणाओं के साथ मजबूती जारी रखने का संकल्प कर रही है।

## भारत में अमीरों की संख्या 50 फीसदी तक बढ़ने की संभावना

### लग्जरी रिटेल बाजार भी 2025 तक बढ़ सकता है 15 से 20 प्रतिशत

**मुंबई।**

भारत में अमीर व्यक्तियों की संख्या में 2023 से 2028 तक लगभग 50 फीसदी की वृद्धि हो सकती है। यह बात एक रिपोर्ट के आधार पर कही गई है। इसके साथ, भारत के लग्जरी रिटेल बाजार में 2025 तक 15 से 20 प्रतिशत सालाना की दर से वृद्धि की संभावना है। इस ग्रोथ में जनसंख्या की संरचना में बदलाव, तेजी से होता शहरीकरण और उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं में बदलाव समेत कई महत्वपूर्ण कारण हैं। हालांकि कुछ चुनौतियां भी उभरी हैं। 7 लाख रुपए से अधिक के आयातित उत्पादों पर वृद्धि हुई टैक्स उपभोक्ता को मेड इन इंडिया उत्पादों की ओर आकर्षित कर सकती है। साथ ही 28 फीसदी ग्राहक जीएसटी भी इस बाजार की ग्रोथ के लिए एक बड़ी बाधा हो सकती है। इसके बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था में धारावाहिक वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम के अनुसार भारत की जीडीपी 2026 तक 4.187 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकती है, जो जापान से अधिक होगी। फैशन, ज्वेलरी और लग्जरी घड़ियों जैसे सेगमेंट में भारत में 2019 से 2023 के बीच 5 फीसदी की सालाना ग्रोथ दर्ज की गई, जो 2025 में कुछ मामूली गिरावट देखने के साथ भी अस्वीकृत की गई। इस गिरावट का कारण चीन जैसे प्रमुख बाजारों में आर्थिक संकट बताया जा रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत का अर्थव्यवस्था क्षेत्र उच्च स्तर पर बढ़ रहा है, और अमीरों की संख्या में बढ़ोतरी होती जा रही है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट एशियाई और दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 77 अंकों की गिरावट के साथ 81,373.75 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 0.14 फीसदी टूटकर 24,716.60 पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स पर अडाणी पोर्ट्स, एमएंडएम, इटरनल (जोमेटो), पावर ग्रिड कॉर्प, एसबीआई के शेयर उछले जबकि टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन कंपनी, एचडीएफसी बैंक टॉप के शेयर गिरे। आज रियल्टी इंडेक्स में 2 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई, जबकि कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, आईटी, मेटल में 0.5 फीसदी की गिरावट आई। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.3 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में गिरावट और 11 में तेजी है। बैंकिंग, ऑटो और आई शेयर में गिरावट रही। वहीं एफएमसीजी और उर्जा शेयर्स में बढ़त रही। बाजार जानकारों के अनुसार मेटल पर अमेरिकी टैरिफ से भारतीय निर्यातकों को खतरा पैदा हुआ है जिससे भी बाजार में गिरावट आई। इसके अलावा कमजोर वैश्विक संकेत और व्यापार तनाव की आशंका से भी बाजार पर दबाव पड़ा है। अमेरिकी फेड की टिप्पणी और नौकरियों के आंकड़ों से पहले सावधानी बरतने से भी निवेशक बाजार से दूर रहे। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुले। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के स्टील आयात पर टैरिफ को 25 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी करने के ऐलान से मेटल स्टॉक्स में गिरावट आई। इसके सीधा सार बाजार पर भी बड़ा। सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंक गिरकर 81,214 पर खुला। हालांकि खुलते ही बाजार में बिकवाली हावी हो गई। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 675.09 अंक की गिरावट लेकर 80,775.92 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी गिरावट के साथ 24,669.70 अंक पर खुला। खुलते ही इंडेक्स में गिरावट गहरी हो गई।` जिसके बाद यह 198.45 अंक फीसदी की गिरावट के साथ 24,568 पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट में बंद हुए। ट्रम्प की तरफ से स्टील आयात पर टैरिफ में भारी वृद्धि की घोषणा के बाद एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख देखने को मिला। निक्केई में 1.21 फीसदी की गिरावट आई। जबकि ब्रोडर टॉपिक्स




इंडेक्स में 0.83 फीसदी की गिरावट आई। एएसएक्स200 में 0.1 फीसदी की गिरावट आई। दूसरी ओर, कोस्पी ने इस रुझान को पलटते हुए 0.3 फीसदी की बढ़त दर्ज की। चीन, मलेशिया और न्यूजीलैंड के बाजार सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद रहे। जून के पहले कारोबारी सेशन से पहले अमेरिकी शेयर फ्यूचर्स में गिरावट दर्ज की गई। एसएंडपी 500 और नैस्डैक-100 वायदा दोनों में 0.3 फीसदी की गिरावट आई। जबकि डॉव जोन्स फ्यूचर्स में भी 0.3फीसदी की गिरावट आई। शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट पर मिलाजुला सत्र रहा। एसएंडपी 500 लगभग अपरिवर्तित रहा, केवल 0.01 फीसदी की गिरावट के साथ। नैस्डैक में 0.32 फीसदी की गिरावट आई, जबकि डॉव जोन्स में 0.13 फीसदी की वृद्धि हुई।

# सोने के भाव में तेजी,चांदी ने भी दिखाई चमक

### सोने के भाव 96,150 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी लगभग 97,200 रुपए

**नई दिल्ली।**

सोने-चांदी के वायदा भाव सोमवार कारोबार की शुरुआत में तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोमवार को सोने के भाव 96,150 रुपये, जबकि चांदी के भाव 97,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना-चांदी तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 256 रुपये की तेजी के साथ 96,131 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 95,875 रुपये था। इस समय यह 255 रुपये की तेजी के साथ 96,130 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 361 रुपये की तेजी के साथ 97,376 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 97,015 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रैक्ट 170 रुपये की तेजी के साथ 97,185 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वै श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,296.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला।

पिछला बंद भाव 3,288.90 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 17.70 डॉलर की तेजी के साथ 3,306.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।




सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.13 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 33.02 डॉलर था। इस समय यह 0.12 डॉलर की तेजी के साथ 33.14 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## कनेक्टिविटी बढ़ने से मजबूत हो रहा भारतीय विमानन बाजार

**नई दिल्ली।**

अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात एसोसिएशन ने बताया कि भारतीय विमानन बाजार कनेक्टिविटी, नेटवर्क और हवाई अड्डा बुनियादी ढांचे में वृद्धि के साथ मजबूत होकर उभर रहा है। देश में मजबूत एयरलाइनों के उभरने के कारण भारतीय विमानन बाजार में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। भारत, नेपाल और भूटान के एक अे धिकारी ने दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में एसोसिएशन के उद्घाटन समारोह की मेजबानी की। उन्होंने एसोसिएशन की नींव मजबूत करने के लिए हवाईअड्डा बुनियादी ढांचे में भी उल्लेखनीय वृद्धि की बात कही और इसे देश के लिए एक अच्छी नींव प्रदान करने वाला माना। उन्होंने यह भी बताया कि सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) उत्पादन की उम्मीद 2026 तक भारत में है। आईटीए का कहना है कि वे लगभग 350 एयरलाइनों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो वैश्विक हवाई यातायात का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। एसोसिएशन 42 वर्षों के बाद पहली बार भारत में अपनी वार्षिक आम बैठक आयोजित करेगा, जिसके माध्यम से देश के विमानन उद्योग का विकास किया जाएगा। विमानन उद्योग सीधे तौर पर 3,69,700 लोगों को रोजगार देता है और देश की जीडीपी में 5.6 अरब डॉलर का योगदान देता है। इसके अलावा विमानन सेक्टर 77 लाख नौकरियां प्रदान करता है और 53.6 अरब डॉलर का योगदान करता है।

# रूसी तेल पर अमेरिकी सीनेटर का प्रतिबंध, भारत के आयात पर पड़ेगा असर

### अमेरिकी सीनेटरों ने पेश किया 500 फीसदी शुल्क का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।**

अमेरिका के सबसे शक्तिशाली सीनेटरों में से एक ने रूस के कच्चे तेल के कारोबार पर प्रतिबंध बढ़ाने के लिए एक विधेयक का प्रस्ताव रखा है, जिससे भारत के रूसी तेल के आयात पर हो सकता है नकारात्मक प्रभाव। इस प्रस्ताव के तहत देशों पर 500 प्रतिशत शुल्क लगाने की संभावना है, जिसमें भारत और चीन भी शामिल हैं।

यह कदम रोजाना लगभग 20 लाख बैरल रूसी कच्चे तेल की आपूर्ति पर खतरा उत्पन्न कर सकता है।

साथ ही इस प्रस्ताव से आने वाले कठोर उपायों से भारत का कच्चे तेल आयात को पंगु बनाने का खतरा है। यह फरवरी मह ीने में लगभग 15.4 करोड़ डॉलर की मूल्यवर्धित आपूर्ति पर प्रभाव डाल सकता है।

स्थिति में अब तक 80 से अधिक सीनेटरों ने इस विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के सहयोगी सीनेटर लिंडसे ग्राहम भी शामिल हैं। इसे देशों जैसे जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के साथ योगदान के माध्यम से तैयार किया गया है, जिन्होंने हाल ही में रूसी जहाजों पर कुछ सख्त नए प्रतिबंध लगाए हैं। भारत ने इन प्रतिबंधों को अब तक मान्यता नहीं दी है, लेकिन आधिकारिक तौर पर अमेरिकी प्रतिबंधों का सावधानी से पालन कर रहा है। यह हाल फरवरी में रूस की सबसे सस्ती क्रूड तेल कीमतों पर भारत के आयात पर भारी प्रभाव डालने की संभावना बना सकता है। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि आधिकारिक तौर पर अमेरिकी प्रतिबंधों को भी भारत नहीं मानता, लेकिन भारतीय बैंक और रिफाइनर अमेरिका से सावधान रहते हैं। यूरोपीय बेंचमार्क क्रूड ब्रेंट की तुलना में रूसी तेल 2 से 5 डॉलर प्रति बैरल की छूट पर सुरक्षित किया गया था। फरवरी मे इराक के बाद रूस का कच्चा तेल सबसे सस्ता था, जो 77 डॉलर प्रति बैरल पर मिल रहा था। सीमा शुल्क के आंकड़ों के आधार पर गणना से पता चलता है कि सऊदी अरब और अमेरिका के तेल की तुलना में रूस का तेल 5 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था।

# अनिल अंबानी की कंपनियों ने एक महीने में ही निवेशकों को दिया अच्छा रिटर्न

### मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज को करना पड़ रहा है चुनौतियों का सामना



**मुंबई।**

अनिल अंबानी और मुकेश अंबानी दोनों दु निया के` दिग्गज कारोबा रियों में शा मिल हैं। कुछ समय पहले अनिल अंबानी लगातार नुकसान में जा रहे थे और बड़े भाई मुकेश अंबानी की कंपे नियों में तेजी देखी जा रही थी।

ले किन इस समय अनिल अंबानी की प्रतिष्ठित कंपनियों में तेजी देखने को मिल रही है, जबकि मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अनिल अंबानी की कंपनियों ने एक महीने के भीतर अच्छे रिटर्न प्रदान किए हैं। रिलायंस पावर ने 125 फीसदी का रिटर्न दिया है, जबकि रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने 90 फीसदी रिटर्न दिया है और रिलायंस होम फाइनेंस ने 50 फीसदी रिटर्न दिया है। अनिल अंबानी का इस प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वहीं मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को एक साल में 6 फीसदी की गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। यह चुनौती के समय की निशानी हो सकती है जो इस बढ़ते हुए बिजनेस जंग में किसी के भी जीत पर सवाल उठा सकती है। मुकेश अंबानी को अपने कंपनी को पुनर्विचार करने की आवश्यकता हो सकती है ताकि वह अपनी स्थिति को सुधार सकें और दुविधाओं का सामना कर सकें।

## ऐप्पल भारत में बढ़ा रहा कारोबार, 8,000 वर्ग फुट का स्टोर किराए पर लिया

### यह स्टोर बेंगलुरु का पहला और भारत का तीसरा रिटेल स्टोर होगा

**नई दिल्ली।**

ऐप्पल भारत में कारोबार बढ़ा रहा है। ऐप्पल ने उत्तरी बेंगलुरु के फीनिक्स मॉल ऑफ एशिया में एक स्टोर किराए पर लिया है। यह स्टोर करीब 8,000 वर्ग फुट में फैला है। यह बेंगलुरु में ऐप्पल का पहला और भारत का तीसरा रिटेल स्टोर होगा। इससे पहले मुंबई और दिल्ली में ऐप्पल के बड़े स्टोर खोले हैं। ऐप्पल के सीईओ ने बताया था कि आईफोन बनाने वाली यह कंपनी भारत में अपने स्टोर की संख्या में इजाफा करेगी। मीडिया रिपोर्ट में रियल एस्टेट की जानकारी देने वाली कंपनी के मुताबिक ऐप्पल ने 10 साल के लिए यह जगह किराए पर ली है। इसके लिए कंपनी हर साल 2.09 करोड़ रुपए भुगतान करेगी। यह रकम इतनी ज्यादा है कि इसमें नोएडा में दो फ्लैट खरीदे जा सकते हैं। एग्रीमेंट के मुताबिक लीज 8 नवंबर 2024 से शुरू हो गई है, लेकिन किराए का भुगतान 8 अगस्त 2025 से शुरू होगा। हर तीन साल में किराया और सिक्योरिटी डिपॉजिट 15 फीसदी बढ़ जाएगा। किराए के साथ-साथ ऐप्पल को अपनी कमाई का कुछ हिस्सा भी देना होगा। पहले 36 महीनों के लिए यह हिस्सा 2 फीसदी होगा। उसके बाद यह 2.5 फीसदी हो जाएगा, लेकिन कंपनी को रेवेन्यू शेयर के तौर पर इतना ही पैसा देना होगा जो सालाना किराए के दोगुने से ज्यादा न हो। ऐप्पल भारत में अपने रिटेल कारोबार को और मजबूत करना चाहती है। इसलिए वह नए स्टोर खोल रही है। साथ ही ऐप्पल की मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर कंपनी फॉक्सकॉन भी बेंगलुरु में एक नई फैक्ट्री लगाने की तैयारी है। ऐप्पल इंडिया ने 4.33 करोड़ रुपए का डिपॉजिट भी दिया है। इस डील में दो लॉक-इन पीरियड भी हैं। पहला 31 दिसंबर 2027 तक और दूसरा 31 दिसंबर 2028 तक है। लॉक-इन पीरियड का मतलब है कि इस दौरान कंपनी लीज को खत्म नहीं कर सकती। साल 2023 में ऐप्पल ने मुंबई के एक मॉल में तीन फ्लोर पर 20,000 वर्ग फुट से ज्यादा जगह किराए पर ली थी। इसके लिए कंपनी हर महीने करीब 42 लाख रुपए किराया दे रही थी। वहीं दिल्ली में कंपनी ने जो स्टोर किराए पर लिया है, उसका भी सालाना किराया करीब 5 करोड़ रुपए है।

# एयर इंडिया और एयर मॉरीशस की 'कोडशेयर' साझेदारी बढ़ेगी

### कुल 17 मार्गों पर 'कोड' साझा किया जाएगा




**नई दिल्ली।**

विमानन कंपनी एयर इंडिया और एयर मॉरीशस ने अपनी 'कोडशेयर' साझेदारी का विस्तार करने की घोषणा की है। उनका कहना है` कि इस साझेदारी के माध्यम से भारत को दक्षिण अफ्रीका, रीयूनियन और मेडागास्कर के साथ बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। एयर इंडिया और एयर मॉरीशस के बीच कुल 17 मार्गों पर 'कोड' साझा किया जाएगा। इस साझेदारी के तहत उपभोक्ताओं को अधिक सुविधाएं प्राप्त होंगी और बेहतर विमानन सेवाएं मिलेंगी। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन तथा एयर मॉरीशस के चेयरमैन किशोर बीगू ने इस साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए। एयर इंडिया अपना 'एआई' कोड एयर मॉरीशस की उड़ानों पर लगाएगा जो दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन, जोहान्सबर्ग, और मेडागास्कर की राजधानी एंटानानारिवो से आती-जाती हैं। इस साझेदारी से यात्रियों को मॉरीशस, रीयूनियन और दक्षिण अफ्रीका के बीच संचार करने का अच्छा अवसर प्राप्त होगा। 'कोडशेयर' साझेदारी के अंतर्गत उड़ानों के लिए टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान की जाएगी, जो यात्रियों को सरलता और सुविधा देगी। इस साझेदारी के माध्यम से दोनों कंपनियों की संयुक्त प्रयासों से यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा, साथ ही दोनों उड़ान सेवाओं को मजबूत करने में सक्षम होंगे।



# ऋतिक रोशन ने अपकमिंग प्रोजेक्ट के लिए होम्बले फिल्म्स से मिलाया हाथ

अभिनेता ऋतिक रोशन एक बार फिर से धमाल मचाने को तैयार हैं। उन्होंने अपकमिंग प्रोजेक्ट के लिए प्रोडक्शन हाउस होम्बले फिल्म्स के साथ हाथ मिलाया है। होम्बले फिल्म्स के साथ ऋतिक पहली बार काम करने जा रहे हैं। प्रोजेक्ट की डिटेल को अभी निर्माताओं ने शेयर नहीं किया है। यह स्पष्ट नहीं है कि ऋतिक इस प्रोजेक्ट में किस तौर पर शामिल होने जा रहे हैं। हालांकि अभिनेता ऋतिक रोशन होम्बले फिल्म्स के साथ काम करने को लेकर उत्साहित जरूर हैं। होम्बले फिल्म्स के साथ काम करने को लेकर ऋतिक ने बताया, होम्बले ने पिछले कुछ सालों में इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक बेहतरीन कहानी दी है। मैं उनके साथ साझेदारी करने और अपने दर्शकों को शानदार सिनेमाई अनुभव देने के लिए उत्सुक हूं। हम बड़े सपने देख रहे हैं और इस सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस बारे में होम्बले फिल्म्स के संस्थापक विजय किरागंदूर ने बताया, इस सहयोग से मैं बहुत खुश हूं। होम्बले फिल्म्स का उद्देश्य दर्शकों को ऐसी कहानियां सुनाना है, जो प्रेरित करती हैं और सोच की सीमाओं से परे हैं। ऋतिक रोशन के साथ काम करना इस सपने को आकार देता है, जो हमने मिलकर देखा है। हम दर्शकों को खास और बेहतरीन अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो दमदार और टाइमलेस दोनों हो। होम्बले फिल्म्स एक ऐसा प्रोडक्शन हाउस है जो भारत में सबसे बड़े कंटेंट क्रिएटर्स में से एक के रूप में उभरा है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में केजीएफ चैप्टर 1' और 'चैप्टर 2', सलार- पार्ट 1 – सीजफायर और 'कांतारा' जैसी ब्लॉकबस्टर पैन-इंडिया फिल्में दी हैं। ऋतिक रोशन के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनके पास 'वॉर 2' और 'कृष 4' भी है, जिसका प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार है। वॉर 2 में ऋतिक के साथ कियारा आडवाणी, जूनियर एनटीआर भी नजर आएंगे। फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# फिल्म 'लग जा गले' में जान्हवी कपूर के अपोजिट नजर आएंगे टाइगर श्रॉफ

जान्हवी कपूर ने अपने करियर की शुरुआत एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'धड़क' से की थी। इस फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर थे। हाल ही में वह करण जौहर की फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर भी चर्चा में रही हैं, इस फिल्म के प्रोड्यूसर भी करण जौहर हैं। जान्हवी अगले साल रिलीज होने वाली फिल्म 'लग जा गले' में नजर आएंगी, इसे भी करण जौहर ही प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में जान्हवी का हीरो कौन होगा? इसकी जानकारी भी मिली है। एक्टर टाइगर श्रॉफ फिल्म 'लग जा गले' में जान्हवी कपूर के अपोजिट नजर आएंगे। यह दोनों पहली बार किसी फिल्म में साथ एक्टिंग कर रहे हैं। फिल्म को राज मेहता निर्देशित करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह एक बदला लेने वाली लव स्टोरी होगी। इस फिल्म में एक्शन भी खूब होगा।

### कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

इन दिनों टाइगर श्रॉफ फिल्म 'बागी 4' में व्यस्त हैं और जान्हवी कपूर 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में व्यस्त हैं। दोनों जब इन फिल्मों से फ्री हो जाएंगे तो ही फिल्म 'लग जा लगे' की शूटिंग शुरू करेंगे। सूत्रों के अनुसार इस फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है।

### टाइटल को कैसे चुना गया

जान्हवी कपूर की फिल्म 'लग जा गले' का टाइटल लंबे डिस्कशन के बाद तय किया गया। आखिर में 'लग जा गले' टाइटल फाइनल हुआ क्योंकि यह फिल्म की कहानी पर फिट बैठता है। यह फिल्म अगले साल यानी 2026 में रिलीज हो सकती है।

### इन फिल्मों में भी जान्हवी आएंगी नजर

जान्हवी कपूर की अगली फिल्म 'परम सुंदरी' है। इस फिल्म में वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' नाम की फिल्म भी जान्हवी कर रही हैं। इसके अलावा अगले साल रिलीज होने वाली एक साउथ फिल्म 'पेड्डी' में भी जाह्नवी अभिनय करती नजर आएंगी। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ नजर आएंगी।





# हॉरर फिल्मों में काजोल का डेब्यू मां का ट्रेलर रिलीज

अभिनेत्री काजोल की अगली फिल्म मां का ट्रेलर रिलीज हो गया है। मुंबई में हुए एक इवेंट में इसे रिलीज किया गया। ट्रेलर में काजोल अपनी बेटी की राक्षसों से रक्षा करती हुई नजर आ रही हैं। काजोल फिल्म मां से हॉरर फिल्म में डेब्यू कर रही हैं। ट्रेलर की शुरुआत काजोल से होती है। वह गाड़ी चला रही हैं और पीछे उनकी बेटी बैठी है। वह कह रही है कि मां पेट में काफी दर्द हो रहा है। इस पर काजोल कहती हैं कि आगे होटल दिखेगा तो रुक जाएंगे। इसके बाद अचानक काजोल की गाड़ी पर कोई कूदता है। दोनों डर जाते हैं। इसके बाद काजोल एक घर में पहुंचती हैं। काजोल अपनी बेटी से कहती हैं कि यह नई जगह है। इसलिए यहां से कहीं नहीं जाना। फिर काजोल की बेटी और एक लड़की एक पुरानी हवेली में जाती हैं। यहां अचानक काजोल की बेटी को एक राक्षस खींच ले जाता है। अब काजोल की बेटी मुसीबत में पड़ जाती है। इसके बाद काजोल अपनी बेटी को

### फिल्म में कौन-कौन हैं?

मां फिल्म में काजोल लीड रोल में हैं। काजोल इस फिल्म से तीन साल बाद बड़े पर्दे पर लौट रही हैं। काजोल के अलावा फिल्म में रोनित रॉय, इंद्रनील सेनगुप्ता, जितिन गुलाटी, गोपाल सिंह और सूर्य शिखा दास होंगी। हाल ही में काजोल ने बताया कि फिल्म में उनका किरदार सबसे जबरदस्त होगा। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने से पहले काजोल ने 28 जून को लिखा था जब एक मां टूट जाती है तो एक देवी का जन्म होता है। मां का ट्रेलर कल रिलीज होगा।

### फिल्म के बारे में

काजोल की यह फिल्म हॉरर, सुपरनेचुरल ड्रामा है। फिल्म विशाल फुरिया के निर्देशन में बनी है। फिल्म को अजय देवगन फिल्म्स ने प्रोड्यूज किया है। मां फिल्म 27 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हिंदी के अलावा यह फिल्म तमिल, तेलुगू और बांग्ला भाषा में भी रिलीज होगी।

### शैतान से जोड़ा जा रहा फिल्म का कनेक्शन


मां फिल्म का कनेक्शन शैतान से जोड़ा जा रहा है। शैतान फिल्म में आर माधवन ने निगेटिव रोल निभाया था। इस फिल्म में भी आर माधवन निगेटिव रोल में हैं। हालांकि, इसकी अभी तक कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिल्म के प्रोड्यूसर अजय देवगन ने भी कहा है कि इस फिल्म को शैतान से न जोड़ा जाए।

# टाइगर जिंदा है और पद्मावत से नाम कमाने वाली अनुप्रिया गोयनका ने इन सीरीज में निभाया दमदार रोल



हिंदी और तमिल सिनेमा में अपनी अदाकारी का जलवा दिखाने वाली अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका अपना जन्मदिन मना रही हैं। अनुप्रिया गोयनका ने बॉबी जासूस से 2014 में बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने 'पद्मावत', 'टाइगर जिंदा है' जैसी फिल्में कीं। फिल्मों के अलावा अनुप्रिया गोयनका ने सीरीज में अच्छा काम किया है। वह अनुराग बसु द्वारा निर्देशित टीवी सीरीज स्टोरीज बाई रबींद्रनाथ टैगोर (2015) में नजर आईं। विक्रमादित्य मोटवानी के निर्देशन में बनी सेक्रेड गेम्स (2018) में अनुप्रिया गोयनका ने मेघा सिंह का किरदार अदा किया। इसमें उनकी एक्टिंग की काफी तारीफ हुई। द फाइनल कॉल (2019) टीवी सीरीज एक उपन्यास पर आधारित थी। विजय लालवानी के निर्देशन में बनी इस सीरीज में गोयनका ने परिनीता परी का किरदार निभाया। क्रिमिनिल जस्टिस (2019) टीवी सीरीज को भी खूब पसंद किया गया। इसमें अनुप्रिया गोयनका के किरदार निखत हुसैन को खूब सराहा गया। साइकोलोजिकल क्राइम थ्रिलर असुर (2020) में अनुप्रिया गोयनका के काम की काफी तारीफ हुई। इसका निर्देशन ओनी सेन ने किया था। आश्रम (2020) सीरीज को लोगों ने खूब सराहा। इसमें बॉबी देओल लीड रोल में थे। 2023 में आई टीवी सीरीज सुल्तान ऑफ देल्ही में अनुप्रिया ने शंकर देवी का किरदार निभाया। इसके अलावा अनुप्रिया गोयनका ने खोज, असुर 2, क्राइम नेक्ट डोर और अभय जैसी टीवी सीरीज में अच्छा काम किया है।

# सूरज पंचोली ने जेल में बिताए बुरे दिनों को किया याद



साल 2013 में बॉलीवुड की दिवगंत एक्ट्रेस जिया खान के आत्महत्या मामले में अभिनेता सूरज पंचोली को गिरफ्तार किया गया था और उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। अब अभिनेता ने अपने जेल में बिताए गए संघर्ष के दिनों को याद किया है और उन्हें कैसे ट्रीट किया जाता था, इसके बारे में भी खुलासा किया है। अभिनेता सूजर पंचोली ने हिंदी रश के साथ बातचीत में अपने जेल के खराब अनुभवों को साझा किया है। उन्होंने कहा, मैं उस समय सिर्फ 21 साल का लड़का था। मुझे आर्थर रोड जेल भेज दिया गया और एकांत कारावास में डाल दिया गया। मैं उसी सेल में था, जिसमें 26/11 हमले के आतंकी अजमल कसाब को रखा गया था। उन्होंने मेरे साथ ऐसा व्यवहार किया जैसे मैंने कोई बम विस्फोट किया हो।' आगे बातचीत में अभिनेता ने कहा, वहां मेरे पास तकिया भी नहीं था, मैं अखबारों पर सोता था। उन्होंने मेरे साथ बहुत बुरा व्यवहार किया, जैसे मैंने कोई भयानक अपराध किया हो। मैं अतिशयोक्ति नहीं कर रहा हूं। चार या पाँच साल बाद मुझे समझ में आया कि मैं वास्तव में किस दौर से गुजरा था। ये सारी चीजें, जब घट रही थी, तो यह सब एक सपने जैसा लग रहा था।' साथ ही आपको बताते चलें कि सूरज पंचोली को इस केस में साल 2023 में सीबीआई ने क्लीन चिट दे दी थी।



# मैं चाहता हूं कि दिमाग पर सक्सेस चढ़े और मैं उसे नियंत्रित करूं

**अपने हर किरदार में अलग रंग भरने वाले नैशनल अवॉर्ड विनर एक्टर पंकज त्रिपाठी इन दिनों अपनी मशहूर सीरीज क्रिमिनल जस्टिस के चौथे सीजन को लेकर चर्चा में हैं। फुकरे, मिमी, ओएमजी 2, मिर्जापुर, स्त्री जैसी तमाम फिल्मों और शोज में यादगार भूमिकाएं निभा चुके पंकज त्रिपाठी से खास बातचीत**

### थोड़ा तो गुरूर चढ़े तो मैं खुद को संभालूं

अपनी चिरपरिचित मुस्कान के साथ पंकज कहते हैं, मैं तो चाहता हूं कि कुछ बदलाव आए, लेकिन नहीं आ पा रहा है। पता नहीं क्या प्रॉब्लम है। कुछ तो होना चाहिए यार कि लगे कि मैं सफल हूं। ये मेरे दिमाग में तो होना चाहिए। मेरे दिमाग में भी नहीं आता है। मैं तो चाहता हूं कि दिमाग पर सक्सेस चढ़े और मैं अपने विचार और बुद्धि से उसे नियंत्रित करूं कि विनम्र रहना है, ये सक्सेस का गुरूर है, पर वही नहीं आ रहा है और यही प्रॉब्लम है कि क्यों नहीं आ रहा है? थोड़ा तो आना चाहिए ना, कोई केमिकल लोचा है।

### बिजी रहना पसंद नहीं करते पंकज

यही नहीं, पिछले कुछ समय में धड़ाधड़ कई फिल्में और सीरीज करने वाले पंकज त्रिपाठी इतनी व्यस्तता भी पसंद नहीं करते। उनका कहना है, हम ऐक्टिंग के लिए नहीं जी रहे हैं। हमें जीवन जीना है और वो जीवन ठीकठाक चले, उसके लिए ऐक्टिंग करते हैं। वह पैशन है, जिससे थोड़ी आदमनी हो जाए और परिवार की बेसिक जरूरतें पूरी हो जाएं। हम कई बार यह बात नहीं समझ नहीं पाते हैं और काम के पीछे बहुत ज्यादा भागने लगते हैं। जैसे, मैं खुद अपना संतुलन खो चुका था। अब मैं उसको ठीक करने में लगा हुआ हूं।

### गुंडा, दरबान, दूधवाला जैसे रोल ही मिलते थे

पंकज त्रिपाठी आज अभिनय की पाठशाला माने जाते हैं, मगर करियर के शुरुआत में उन्हें उनके साधारण बैकग्राउंड की वजह से जज किया जाता था। उन्होंने बताया, पहले कास्टिंग को लेकर मुझे जज किया जाता था। शुरू में कोई मुझे ढंग के रोल में सोचता ही नहीं था। चूंकि, हम बिहार से थे, तो कास्टिंग के समय पानवाला, दूधवाला, दरबान, गुंडा, ऐसे ही रोल के लिए बुलाया जाता था। यह तो किस्मत अच्छी थी कि मैंने एक दिन दाढ़ी कटाई और कास्टिंग वालों को मेरा दूसरा चेहरा दिखा। फिर मसान के बाद उनकी सोच काफी बदली, वरना गैंग्स ऑफ वासेपुर के बाद मुझे सिर्फ खूंख्वार क्रिमिनल चाकू लिए आदमी का रोल ही मिल रहा था।

### इन दिनों बॉलिवुड में टॉक्सिक माहौल पर आ रहे बयानों पर पंकज क्या सोचते हैं?

उनके करीबी फिल्मकार अनुराग कश्यप तक इसके चलते बॉलिवुड छोड़ने की बात कह चुके हैं? इस सवाल पर उन्होंने कहा, अनुराग कहीं नहीं गए हैं। उनकी दो तीन फिल्में बनी हुई हैं। वो कहानी लिख रहे हैं, बना रहे हैं। कहीं किसी मनःस्थिति में वे बोल दिए होंगे या कई बार बिन बोले भी खबरें आ जाती हैं।

### बॉलिवुड वो नरक, जो मैंने नहीं देखा

वो आगे कहते हैं, देखिए, स्टोरी टेलिंग अच्छी नहीं हो रही है, जड़ों से जुड़ी कहानियां नहीं आ रही हैं, इससे मैं भी सहमत हूं, पर अभी मैं कई पॉडकास्ट या रील में देखता हूं कि लोग सिनेमा इंडस्ट्री के बारे में ऐसी-ऐसी बात कहते हैं कि लगता है कि इससे ज्यादा नरक वाली तो कोई जगह ही नहीं होगी। फिर मुझे लगता है कि यार, ये सब अनुभव मुझे क्यों नहीं हुआ? मेरा कास्टिंग को लेकर जो अनुभव था, वो मैंने बताया। बाकी, मेरे हिसाब से इंडस्ट्री की आलोचना इस बात के लिए होनी चाहिए कि यहां पर लेबर लॉ होना चाहिए कि 12 घंटे की शिफ्ट क्यों? हर जगह 8 घंटे की शिफ्ट होती है। वर्क कल्चर ठीक करना चाहिए। अभी जब से डिजिटल आया है, लोग रीटेक पर रीटेक लेते रहते हैं। एडिटिंग क्लियर नहीं है तो 360 शूट कर लो और सजा यूनिट भुगतती है कि 12 के 16 घंटे हो गए। मगर इंसानी शरीर और दिमाग 18 घंटे कैसे काम करेगा।

### माधव की तरह की है सर्वाइवल की लड़ाई

क्रिमिनल जस्टिस के वकील माधव मिश्रा को पंकज पिछले 6 सालों में चार बार पर्दे पर जी चुके हैं। वह मानते हैं कि यह किरदार उनका हमसाया बन चुका है। बकौल पंकज त्रिपाठी, जब श्रीधर राघवन ने ये किरदार सुनाया था, तो लगा था कि हम बहुत एक जैसे हैं। वह भी बिहार से आए हैं एलएलबी करके, मुंबई में नोटरी-वोटरी देखते हैं। सर्वाइवल की लड़ाई है। वन रूम किचन में रहते थे। मैं ऐक्टिंग का माधव मिश्रा हूं। मैं भी बिहार से ऐक्टिंग में आया। वैसे ही सर्वाइवल की लड़ाई थी, वन रूम किचन में जी रहा था। उनकी तरह हम भी ऑटो में घूमते हैं। बस ये जुगाड़ू आदमी थे। मैं जुगाड़ू नहीं हूं। मुझे सिर्फ मेहनत पर भरोसा है। मुझे लगा कि चलो, मैं इनसे जुगाड़ू बनना सीखूंगा, तो मैंने इनसे जुगाड़ के गुर सीखे हैं। हालांकि अभी भी हुआ नहीं हूं, पर यह सही है कि हम दोनों साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in